CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 19°C

नई दिल्ली, रविवार 3 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 25 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 15 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्रः जनगणना 2027: दो चरणों में होगी प्रक्रिया, घर-घर जाकर जुटाया जाएगा डेटा पेज 2



पहली टी-20 मुंबई महिला लीग: युवा सनसनी इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं खेल टाइम्स



ईरान और अमेरिका के बीच फिर छिड़ सकता है युद्ध पेज 11



पापा के करीब रहने के लिए बॉलीवुड में आना चाहती थीं त्रिशाला दत्त बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में 15 बूथों पर दोबारा वोटिंग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम विधानसभा के कुल 15 बूथों पर शनिवार को दोबारा मतदान हुआ है। साउथ 24 परगना में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं फालता में वोटर्स ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वोटिंग के बाद टीएमसी के लोगों ने उनके साथ मारपीट की।

### देशभर में करोड़ों मोबाइल पर एकसाथ अलर्ट मैसेज आया

**नई दिल्ली।** देशभर में शनिवार सुबह 11:45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएमए ने भेजा था। एनडीएमए ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया। शनिवार को देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली-एनसीआर में सभी मोबाइल फोन पर एक साथ टेस्टिंग मैसेज भेजा गया।

### नौ राज्यों में आंधी- बारिश यूपी में पेड़ गिरे

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से राहत मिली। 9 राज्यों में आंधी-बारिश आई। कई जगह ओले गिरे। उप्र में दोपहर एक बजे के बाद ललितपुर और झांसी में धूलभरी आंधी चली। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। झांसी मेडिकल कॉलेज में एक बड़ा पेड़ स्कूटी और कार पर गिर गया। 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा।

# ट्रम्प ने EU की कारों-ट्रकों पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अगले हफ्ते से यूरोपीय संघ (ईयू) से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा।

ट्रम्प का कहना है कि यूरोपीय संघ पहले से तय व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा है, इसलिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि अगर यूरोपीय कंपनियां अमेरिका में ही कार और ट्रक बनाएंगी, तो उन पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। ट्रम्प के मुताबिक, इस समय अमेरिका में कई नई ऑटोमोबाइल और ट्रक फैक्ट्रियां बन रही हैं, जिनमें 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका में इस तरह का निवेश और विकास पहले कभी नहीं देखा गया। इन फैक्ट्रियों में अमेरिकी लोगों को रोजगार मिलेगा। ट्रम्प जिस व्यापार समझौते की बात कर रहे हैं वो उनके और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के बीच पिछले साल जुलाई में हुआ था। इस समझौते को टर्नबेरी एग्रीमेंट कहा जाता है, जिसका नाम स्कॉटलैंड में ट्रम्प के गोल्फ कोर्स के नाम पर रखा गया है। इस समझौते का मकसद अमेरिका और ईयू के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को कम करना था।



■ कहा: व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहे, छूट चाहिए, तो अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग करनी होगी

## अमेरिका की हर गलत हरकत का कड़ा जवाब देंगे: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता। असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।

■ अमेरिका किसी समझौते को नहीं मानता, उसके वादे दिखावटी होते हैं

# मतगणना से पहले TMC को झटका

## मतगणना कर्मचारियों पर चुनाव आयोग के नियम रहेंगे बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले टीएमसी को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग द्वारा वोटों की गिनती के लिए मुख्य रूप से केंद्र सरकार और पीएसयू के कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

इस अहम मुद्दे को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को टीएमसी की याचिका पर सुनवाई की। विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई भी नया आदेश पारित करने से साफ इन्कार कर दिया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह अपने 13 अप्रैल के परिपत्र (सर्कुलर) का पूरी तरह से पालन करेगा। टीएमसी के मुताबिक, इस सर्कुलर में मतगणना प्रक्रिया में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ राज्य सरकार के कर्मचारियों की तैनाती का भी प्रावधान है। चुनाव आयोग के वकील के इस बयान के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने केवल यह दोहराया कि चुनौती दिए गए सर्कुलर को लागू किया जाएगा और मामले में आगे कोई अन्य आदेश देने से मना कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि मतगणना के दौरान वहां हर राजनीतिक दल के चुनाव एजेंट मौजूद रहेंगे। इसलिए, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता कि पर्यवेक्षक केंद्र सरकार का नामित अधिकारी है या नहीं।



■ चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

### पश्चिम बंगाल में मतगणना के लिए सुरक्षा इंतजाम और सख्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की चार मई को होने वाली मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को होने वाली मतगणना में 165 अतिरिक्त गणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं ताकि मतगणना केंद्रों पर कानून-व्यवस्था मजबूत रहे और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके। आयोग के अनुसार इन पर्यवेक्षकों की तैनाती का उद्देश्य मतगणना को सुरक्षित, भयमुक्त और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना है। अतिरिक्त गणना पर्यवेक्षक उन 165 विधानसभा क्षेत्रों में लगाए गए हैं, जहां एक से अधिक मतगणना कक्ष हैं, ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। पुलिस पर्यवेक्षक संबंधित मतगणना केंद्रों के आसपास सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की निगरानी आयोग के निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित करेंगे।

# छत्तीसगढ़: डी-माइनिंग के दौरान ब्लास्ट, 4 जवान शहीद

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। कांकेर नारायणपुर सीमा क्षेत्र में डी-माइनिंग अभियान के दौरान हुए आईईडी विस्फोट में डीआरजी के चार जवान शहीद हो गए।

बता दें कि, छत्तीसगढ़ के कांकेर में डीमाइनिंग ऑपरेशन करते समय नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी विस्फोट में छत्तीसगढ़ पुलिस के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के चार जवान घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान सभी जवानों की मौत हो गई। एक अधिकारी के अनुसार, यह धमाका नारायणपुर जिले से लगे जंगल वाले इलाके में हुआ। वहां पुलिस टीम नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी को खोजने और निष्क्रिय करने के लिए अभियान चला रही थी। विस्फोटक डिवाइस की चपेट में आने से चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा और कांस्टेबल संजय गढ़पाले ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चौथे जवान कांस्टेबल परमानंद कोर्राम को एयरलिफ्ट करके रायपुर ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान वो भी शहीद हो गए।



■ शहीद जवानों में इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा, कांस्टेबल संजय गढ़पाल व कांस्टेबल परमानंद कोर्राम शामिल

# देश को जल्द मिलेंगी हाइपरसोनिक मिसाइलें

## 'सुपरसोनिक ब्रह्मोस' से दोगुनी होगी रफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने युद्धों की बदलती रणनीति को देखते हुए अत्याधुनिक 'हाइपरसोनिक' मिसाइल तकनीक पर काम तेज कर दिया है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी. कामत ने एक कार्यक्रम में बताया है कि देश जल्द 'हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल' और 'हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल' से लैस होगा।

इनकी रफ्तार सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से दोगुनी होगी। इसकी खासियतों की वजह से दुनिया का कोई डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक नहीं पाएगा। डीआरडीओ प्रमुख के अनुसार, ग्लाइड मिसाइल का पहला परीक्षण जल्द संभव है। स्क्रैमजेट इंजन पर आधारित क्रूज मिसाइल को लेकर भी बड़ी कामयाबी मिली है। हाल ही में स्क्रैमजेट प्रोपल्शन का 1,000 सेकंड से ज्यादा समय तक परीक्षण सफल रहा है। औपचारिक मंजूरी मिलने के 5 साल में इस मिसाइल प्रणाली को सेना के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। भारत एंटी-शिप मिसाइल भी विकसित कर रहा है। यह मिसाइल ब्रह्मोस की तुलना में और ज्यादा तेज होगी। इसके तीसरे चरण का परीक्षण इसी महीने किया जाना है। रूस के पास 'जिरकान' और 'किंजल' हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं।

■ कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक पाएगा

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
NAAC A++ UGC
Welcome to the WORLD of SRGC
Admission Open
SHRI RAM GROUP OF COLLEGES




Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CSE, AI & ML, Data Science, CE, ME, EE, ECE) | BArch | MCA
MBA (Agribusiness Management)
MBA (Banking & Financial Services)
MBA (Business Analytics) | MBA
DPharm | Polytechnic (CE, ME, EE)
'A' Grade by SIRF

Shri Ram Polytechnic
'A' Grade by SIRF
Polytechnic (CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm

Shri Ram College of Law
LLB (3 Years Course)
BALLB | BComLLB (5 Years Courses)

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc- Agronomy, Agri Chemistry & Soil Sc | BSc- Phy, Chem, Mathematics, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chemistry Zoology, Botany | BSc- Biotech | BSc- Microbio MSc- Biotech, | MSc-Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing &Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | MPEd | BEd | MEd | BABEd | BScBEd | BComBEd (under ITEP) Apprenticeship Embedded Degree Programms (AEDP)- BCom - Banking, Financial Services & Insurance, BSc - Tourism & Hospitality Management

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927079966, 9927074735; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agri: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Journalism: 9927668855; Home Sc & AEDP: 8800538281

For Admission/ Registration in college, Click on below link: or Scan QR Code
https://srgcerp.in/studentapplication.aspx

## संक्षिप्त समाचार

### क्रूज हादसे के बाद काशी में पुलिस अलर्ट, 15 नावें सीज

**वाराणसी।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुए क्रूज हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे में काशी में भी गंगा नदी में पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार रात तक चले अभियान के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 15 नावों को सीज कर दिया गया तथा कई नाव चालकों और मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। नाव पर सवार यात्रियों को लाइफ जैकेट न देना, लाइफ जैकेट खराब होना, चलती नाव पर रील बनाना या सेल्फी लेना, ओवरलोडिंग समेत कई अनियमितताएं पुलिस की टीम ने पकड़ीं। इसके बाद संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अपर पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध डा. अतुल अंजान त्रिपाठी ने जल पुलिस के साथ मिलकर नमो घाट तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान काफी समय से लगातार चलाया जा रहा है। जल पुलिस की टीम नियमित गश्त कर रही है।

### आतंकियों की मदद करने वाला गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को राजपोरा क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान एक आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान सुरक्षाबलों ने उसके पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। यह ऑपरेशन पुलवामा पुलिस, सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की 183 बटालियन ने मिलकर अंजाम दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह ऑपरेशन विशेष खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था। संयुक्त टीम ने राजपोरा के कस्बयार इलाके में सीबी नाथ रोड के आसपास तलाशी अभियान चलाया।

# सार्वजनिक जमीन पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं: हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सार्वजनिक भूमि पर नमाज पढ़ने को लेकर कहा है कि ऐसी भूमि का उपयोग किसी एक पक्ष द्वारा धार्मिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने संभल जिले में गुन्नौर तहसील अंतर्गत इकौना निवासी असीन की याचिका खारिज कर दी है।

कोर्ट ने साफ किया कि सार्वजनिक भूमि पर सभी का समान अधिकार होता है। इसका एकतरफा उपयोग कानूनन स्वीकार्य नहीं है। जस्टिस सरल श्रीवास्तव और जस्टिस गरिमा प्रसाद की डिविजन बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने इसी निर्णय में कहा कि पूर्व में मुनाजिर खान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य के मामले में हाईकोर्ट ने आदेश दिया है। कोर्ट ने निजी परिसरों के भीतर सद्भावनापूर्ण प्रार्थना की रक्षा करते हुए माना था कि व्यक्तिगत धार्मिक प्रथा में मनमाने ढंग से हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता, लेकिन इन फैसलों को यह मानकर नहीं पढ़ा जा सकता कि निजी परिसरों में संगठित या नियमित सामूहिक गतिविधि की पूरी छूट है। जहां गतिविधि उस क्षेत्र से आगे बढ़ती है और सार्वजनिक क्षेत्र को प्रभावित करना शुरू करती है, वहां वैध विनियमन लागू होता है। कोर्ट ने कहा कि पूर्व निर्णय निजी परिसरों को अनियंत्रित सामूहिक स्थान में बदलने का अधिकार नहीं देता है। कोर्ट का कहना था कि धर्म का पालन करने का अधिकार सार्वजनिक व्यवस्था के अधीन है और इसका प्रयोग इस तरह से नहीं किया जा सकता कि यह दूसरों के इन अधिकारों में हस्तक्षेप करे। यदि भूमि को निजी मान भी लिया जाए, तो भी याचिकाकर्ता मांगी गई राहत का हकदार नहीं है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि रिकार्ड से पता चलता है वह किसी मौजूदा प्रथा की रक्षा नहीं कर रहा है, बल्कि गांव के भीतर और बाहर के व्यक्तियों को शामिल करते हुए नियमित सामूहिक सभाओं को शुरू करने की मांग कर रहा है।

# यूपी में चार से पांच मई तक फिर बारिश!

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पहले हफ्ते से आंधी-तूफान संग बेमौसम वर्षा का अलर्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 3-4 दिनों से हुई बारिश और आंधी तूफान की वजह से अधिकतम तापमान में प्रभावी कमी दर्ज की गई, जिससे अप्रैल माह में पड़ रही भीषण गर्मी से प्रदेशवासियों को राहत मिली है।

पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के कारण प्रदेश के दोनों संभागों में अगले 2 दिनों तक मौसम ड्राई बना रहेगा, अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी। वहीं 4 मई को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में फिर से एक बार बे मौसम बारिश का सिलसिला शुरू होगा, जिससे अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की जाएगी। वहीं कानपुर में रात में 7 डिग्री पारा गिरा, अब 4 और 5 मई को फिर से झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में अनुमानित बारिश 0.5 मिमी के सापेक्ष 5 मिमी रिकॉर्ड की गई, जो कि सामान्य से 900 प्रतिशत अधिक है। वहीं 1 मार्च से लेकर 1 मई तक अनुमानित बारिश 15.4 मिली मीटर के सापेक्ष 26.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई, जो कि सामान्य से 71 प्रतिशत अधिक है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शनिवार को मुख्यत: आसमान साफ रहा, तेज धूप खिली। अधिकतम तापमान में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस वृद्धि हो सकती है। अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश का उरई सबसे अधिक गर्म जिला रहा, यहां पर अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान बिजनौर जिले में 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने से तराई में कहीं-कहीं छिटपुट बूंदा-बांदी को छोड़कर मौसम साफ और ड्राई रहा। आगामी 2 दिनों के दौरान तापमान में 4-6 की बढ़ोतरी के उपरांत आगामी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 4 मई से प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ सम्भावित बारिश के अगले दौर के कारण इसमें पुन: 6-8 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। वहीं मई के आरम्भिक 10 दिनों के दौरान लू चलने की संभावना नहीं है। अब से ठीक 2 दिनों बाद मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। 4 मई से धूलभरी आंधी की शुरुआत होगी और 5 मई तक अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञ डा. एसएन सुनील पांडेय ने कहा कि दक्षिणी पूर्वी दिशा से हवा आने के चलते गर्म हवाएं नहीं चल पा रही हैं। एक नया विक्षोभ बन सकता है, जिसका असर शनिवार से पहाड़ों और आसपास के मैदानों में दिखाई देगा।

## जनगणना 2027: दो चरणों में होगी प्रक्रिया, जुटाया जाएगा विवरण

# उत्तर प्रदेश में 22 मई से शुरू होगी जनगणना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ घर-घर जाकर जुटाया जाएगा डेटा
■ सेल्फ एन्यूमरेशन का विकल्प भी मिलेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा ने शनिवार को जनगणना 2027 की तैयारियों और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह देश की 8वीं जनगणना होगी, जिसकी पूरी प्रक्रिया का संदर्भ समय 1 मार्च 2027 की रात 12 बजे निर्धारित किया गया है, यानी उसी समय देश की कुल जनसंख्या का आधिकारिक आंकड़ा तय माना जाएगा।

लखनऊ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में शीतल वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य 2025 से ही विचाराधीन है और इसके लिए 31 दिसम्बर 2025 से 31 मार्च 2027 तक राजस्व एवं प्रशासनिक इकाइयों को 'फ्रीज' कर दिया जाएगा। इस दौरान न तो कोई नया राजस्व ग्राम बनेगा और न ही नई तहसील का गठन होगा। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग' होगा, जो उत्तर प्रदेश में 22 मई से 20 जून के बीच चलेगा। इसमें घरों, भवनों और बुनियादी सुविधाओं का विवरण जुटाया जाएगा। निदेशक ने बताया कि दूसरे चरण में 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत गणना की जाएगी, जिसमें परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति और अन्य विवरण शामिल होंगे। इसी चरण में जातिगत जनगणना भी की जाएगी। इसके के लिए अलग से मानक प्रक्रिया तय की जाएगी। प्रेसवार्ता में बताया गया कि जनगणना कराने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होती है, लेकिन इसे राज्यों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है। उत्तर प्रदेश में इस कार्य के लिए मंडल स्तर पर आयुक्त, जिला स्तर पर जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों को नोडल जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही पंचायती राज विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी अधिसूचित किया गया है। पूरे प्रदेश को गणना ब्लॉकों में बांटा गया है, जिनकी संख्या करीब 3.9 लाख है। इस कार्य में लगभग 5 लाख कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। प्रशिक्षण की प्रक्रिया 10 मई तक पूरी कर ली जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर से ट्रेनर चयनित किए गए हैं और मास्टर ट्रेनर व फील्ड ट्रेनर तैयार किए गए हैं। जनगणना के दौरान प्रत्येक घर तक पहुंचकर जानकारी जुटाई जाएगी।

### एक घर की गणना में लगेंगे 10 मिनट

एक घर की गणना में औसतन 10 मिनट का समय लगेगा और प्रगणक रोजाना 5-6 घरों का सर्वे करेंगे। अधिकांश प्रगणक शिक्षक होंगे, जिन्हें इसके लिए मानदेय भी दिया जाएगा। यह कार्य मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा, जो ऑफलाइन भी काम करेगा और नेटवर्क मिलने पर डेटा सर्वर पर अपलोड हो जाएगा। परिवार की परिभाषा 'कॉमन किचन' के आधार पर तय होगी, यानी जो लोग एक ही रसोई से भोजन करते हैं, उन्हें एक परिवार माना जाएगा। अलग प्रवेश द्वार वाले घरों को अलग मकान के रूप में गिना जाएगा। इसके अलावा संस्थागत परिवार जैसे पुलिस मेस आदि को भी अलग श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

# कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने पर मायावती ने जताई चिंता

**लखनऊ, वार्ता**



देश में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में एकमुश्त 993 रुपये की बढ़ोतरी के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने इस बढ़ोतरी को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ेगा और महंगाई और बढ़ने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर की भारी किल्लत के बीच कीमतों में अचानक वृद्धि की खबरें सभी मीडिया माध्यमों में प्रमुखता से सामने आई हैं, जिससे लोगों में बेचैनी बढ़ी है। उनका मानना है कि इससे रसोई गैस के साथ-साथ पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। मायावती ने इस स्थिति के कारणों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चाहे अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां जिम्मेदार हों या अन्य कारण, सरकार को आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे चुनावों के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को नियंत्रित रखा गया, वैसे ही वर्तमान में भी जनहित और जनकल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76913.50 | |
| निफ्टी | 23997.55 | |
| सोना | 154800 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 240331 | प्रति किलो |

# वंदे भारत एक्सप्रेस के निर्माताओं की कतार में शामिल हुआ आरेडिका

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से 16-कोच वाली चेयर कार परीक्षण के लिए रवाना

उत्तर प्रदेश के रायबरेली स्थित रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) अपने पहले 16-कोच वाली वंदे भारत चेयर कार ट्रेन को गतिशील एवं क्षेत्रीय परीक्षण के लिए रवाना करने के साथ ही इस अत्याधुनिक ट्रेन के निर्माताओं की कतार में शनिवार को शामिल हो गया। रेलवे की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह ट्रेन अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से सुसज्जित है।

रेलवे ने कहा है कि नियमित यात्री सेवा में शामिल होने से पूर्व इस ट्रेन का कंपन परीक्षण किया जाएगा, जिसके माध्यम से इसकी सवारी की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं गतिशील प्रदर्शन का व्यापक परीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। वंदे भारत ब्रांड की गति, दक्षता एवं यात्री सुविधा, को ध्यान में रखते हुए, आरेडिका द्वारा निर्मित इस ट्रेन में विश्वसनीयता एवं सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए अनेक उन्नत इंजीनियरिंग सुधार को शामिल किया गया है। रेलवे के अनुसार यह ट्रेन उच्च स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसमें आरामदायक सीटें, झटके रहित यात्रा, पूर्णत: सील्ड गैंगवे तथा शोर को न्यूनतम करने के लिए स्वचालित प्लग दरवाजा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इसमें स्वदेशी 'कवच' स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली, उन्नत अग्नि पहचान प्रणाली (एरोसोल आधारित अग्निशमन के साथ) तथा अंडर स्लंग उपकरणों के लिए सुरक्षा प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है।

# सोना की कीमतों में वृद्धि चांदी की चमक फीकी

**नई दिल्ली।** ईरान संकट के चलते सोने की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 24 कैरेट सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पहुंच गई है। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 24 कैरेट सोने का वायदा भाव बढ़कर 151363 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी 2,43,720 किलो से गिरकर 2,40,331 रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 3,389 रुपए कम हुई। शुक्रवार तक इसकी कीमत 1,50,263 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। चूंकि शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए इन दोनों दिनों के लिए यही कीमतें प्रभावी रहेंगी। आईबीजेए के नवीनतम आंकड़ों के आधार पर अब 24, 23, 22, 18 और 14 कैरेट सोने के दाम देखे जा सकते हैं। इसके अलावा गहने खरीदने वाले लोग अपने शहर के ताजा गोल्ड ज्वेलरी रेट भी जांच सकते हैं। देश की राजधानी के सर्राफा बाजार में पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सोने की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला। सोने की कीमतों में यह उछाल एक महीने के निचले स्तर से सुधार का संकेत है।

# जिंस बाजार में तेजी का रुख अनाज, तेल, चीनी सब महंगे

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को सभी सामान महंगे हो गए। चावल, गेहूं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में बढ़त देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 32 रुपये बढ़कर 3,836 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत 27 रुपये चढ़ गई। दाल-दलहनों में भी तेजी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 70 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। तुअर दाल 61 रुपये और मूंग दाल 60 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव 31 रुपये और मसूर दाल का 13 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ा। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 244 रुपये और वनस्पति 216 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 66 रुपये और पाम ऑयल 44 रुपये मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 42 रुपये और सरसों तेल की 10 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी 15 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7661.85 रुपये, मसूर काली 8079.55 रुपये, मूंग दाल 10189.46 रुपये, उड़द दाल 10847.02 रुपये, तुअर दाल 11246.69 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.11 रुपये और चावल 3836.42 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3273.35 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4309.18 रुपये और गुड़ 5031.29 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17851.53 रुपये, मूंगफली तेल 18953.99 रुपये, सूरजमुखी तेल 17485.53 रुपये, सोया तेल 14981.32 रुपये, पाम ऑयल 13498.45 रुपये और वनस्पति 14958.43 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मान के मुद्दे पर स्पष्टीकरण दें केजरीवाल: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पंजाब पुलिस की ओर से छापा मारे जाने की निंदा की है और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के शराब के नशे में धुत होकर विधानसभा सभा में जाने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी और केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पर छापा मारने की कोशिश की। हम पंजाब सरकार से यह सवाल पूछना चाहते हैं कि एक ऐसा राज्य जहां कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी इतनी लचर है कि आपकी पुलिस ड्रग वालों को पकड़ नहीं पा रही है। पवित्र हरमंदिर साहिब के गेट पर गोली चल जाती है। जहां पर पुलिस अधिकारियों के कार्यालय पर हमला हो जाता है, लेकिन वहां पर स्थिति पर नियंत्रण न करके पाठक के घर छापा मारा जाता है। ऐसा क्यों किया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल केजरीवाल से है, जो खुद को इस 'नई राजनीति' का अलंबरदार बताते हैं, पंजाब विधानसभा में विपक्ष ने कल ही मुख्यमंत्री भगवंत मान पर एक गंभीर आरोप लगाया था, जिसमें उन पर शराब के नशे में होने का आरोप लगाया गया था। इसके बारे में भी केजरीवाल को स्पष्टीकरण देनी चाहिए। उन्होंने आप और पंजाब सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है, चलना संभल-संभल के, क्योंकि तुम नशे में हो।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय की सेहत में सुधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मेदांता अस्पताल में हैं भर्ती, जल्द मिल सकती है छुट्टी

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है और उनको जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार शरीर में सोडियम की कमी के चलते राय की तबीयत शुक्रवार शाम बिगड़ गई थी, जिसके कारण उन्हे मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

बताया जा रहा है कि लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद वे अपने आवास लौटे थे, जहां उन्हें चक्कर आ गया और वे बेहोश हो गए। रक्तचाप से जुड़ी शिकायत के बाद उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने गुरुवार शाम एक्स पर लिखा कि उन्हें अजय राय के स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिली है और वे उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि अजय राय शुक्रवार शाम अचानक अस्वस्थ हो गए, जिसके बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। गौरतलब है कि अजय राय ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था, जहां उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मोदी ने उन्हें डेढ़ लाख से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया था। अजय राय उत्तर प्रदेश के पांच बार विधायक रह चुके हैं और 2023 में उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### अजय राय की सेहत को लेकर राहुल गांधी ने जताई चिंता



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस खबर से वह चिंतित हैं और राय के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। गांधी ने उम्मीद जताई कि राय जल्द स्वस्थ होकर पूरी ऊर्जा के साथ जन सेवा में सक्रिय होंगे। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार शरीर में सोडियम की कमी के चलते श्री राय की तबीयत लखनऊ में शुक्रवार शाम बिगड़ गई थी जिसके कारण उन्हे मेदांता अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। बताया जा रहा है कि लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद वे अपने आवास लौटे थे, जहां उन्हें चक्कर आ गया और वे बेहोश हो गए। रक्तचाप से जुड़ी शिकायत के बाद उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# कांग्रेस सांसद तिवारी ने मान पर लगे आरोपों पर मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर लग रहे आरोपों को लेकर स्पष्ट जवाब देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंजाब जैसे महत्वपूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री पर बार-बार नशे से जुड़े गंभीर आरोप लगना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

प्रमोद तिवारी ने हाल ही में सामने आए आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दावा किया जा रहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री मान विधानसभा में नशे की हालत में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा का विषय बन चुकी हैं। उन्होंने पूर्व में विदेश यात्रा के दौरान विमान से उतारे जाने की कथित घटना और संसद के समय उठे सवालों का हवाला देते हुए कहा कि इन घटनाओं ने जनमानस में संदेह और असहजता पैदा की है तथा मुख्यमंत्री पद की गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। हालांकि तिवारी ने यह भी कहा कि इन आरोपों की सच्चाई स्पष्ट होना आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे इन सभी मुद्दों पर खुलकर स्पष्टीकरण दें। उनका कहना है कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि होती है, खासकर जब बात किसी राज्य के सर्वोच्च पद की हो। गौरतलब है कि शिरोमणि अकाली दल ने मुख्यमंत्री श्री मान पर विधानसभा में शराब पीकर आने का गंभीर आरोप लगाया और उनका डोप टेस्ट कराए जाने की मांग की।

# मिठाई की दुकान में की साढ़े 3 लाख से अधिक रुपये की चोरी, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के हौज खासी थाने के स्टाफ ने दुकान में हुई 3.85 लाख रूपये की चोरी का मामला सुलझाकर आरोपी नौकर को ग्वालियर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की गई रकम में से 3.25 लाख रूपये बरामद/ट्रेस किए है।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि 29.अप्रैल को हौज काजी थाने में चोरी के एक मामले के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थीं शिकायतकर्ता ने बताया कि वह चावड़ी बाजार में मिठाई की एक दुकान चलाता है और 28 अप्रैल को रात लगभग 9 बजे, उसने अपने मैनेजर और हेल्पर संजय शर्मा (57) को रात 10 बजे दुकान बंद करने का निर्देश देकर दुकान छोड़ दी। उसी रात, हेल्पर संजय ने बेईमानी से दुकान की चाबियां लेकर, दुकान खोली और कैश बॉक्स से ₹3,85,000/- चुरा लिए। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से इस घटना की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीपी कमला मार्किट की देखरेख में एसएचओ हौज काजी के नेतृत्व में की एएसआई पंकज, हेड कांस्टेबल मनोज और रवि की टीम गठित की गई।आरोपी फरार पाया गया, और उसके बारे में एकमात्र सुराग उसका मोबाइल नंबर ही उपलब्ध था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी द्वारा बार-बार अपनी लोकेशन बदलने के बावजूद, टीम ने लगातार उसकी ट्रैकिंग की और उसका पीछा कर आरोपी संजय को ग्वालियर, से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ने बताया कि उसने हाल ही में दुकान में एक हेल्पर के तौर पर काम शुरू किया था और दुकान के अंदर आने-जाने और वहां के माहौल से परिचित होने के बाद उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1,28,380/- बरामद किए है। उसके बैंक खाते में लगभग 1,97,000/- का पता चला (खाता फ्रीज कर दिया गया है)।

## डीटीसी के 4500 होमगार्ड वेतन को तरसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बसों में तैनात दिल्ली परिवहन निगम के करीब 4500 होमगार्ड जवान इन दिनों वेतन के लिए परेशान हैं। अनुबंध एक वर्ष के लिए बढ़ाए जाने के बावजूद फरवरी और मार्च माह का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जिससे जवानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली परिवहन निगम में कार्यरत ये होमगार्ड नियमित रूप से बसों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन वेतन के लिए उन्हें लगातार विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। दूसरी ओर, अधिकारियों को हर माह समय पर वेतन मिल रहा है, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। होमगार्ड जवानों की नियुक्ति की पृष्ठभूमि भी विवादों से जुड़ी रही है। वर्ष 2018 में लगभग 10 हजार सिविल डिफेंस वालंटियर को हटाए जाने के बाद इनकी तैनाती की गई थी। उस समय इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच तीखा विवाद भी हुआ था, लेकिन हटाए गए वालंटियरों को पुन: नियुक्ति नहीं मिल सकी। वर्तमान में लगभग 4500 होमगार्ड बसों में ड्यूटी दे रहे हैं, परंतु उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलना एक स्थायी समस्या बन गई है। कई बार तीन-तीन महीने तक भुगतान लंबित रहता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी उनका अनुबंध बढ़ाकर 30 अप्रैल 2027 तक कर दिया गया है, लेकिन वेतन संबंधी समस्या जस की तस बनी हुई है। वेतन में देरी के पीछे जटिल प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रमुख कारण माना जा रहा है। पहले डीटीसी द्वारा होमगार्ड की ड्यूटी के बिल तैयार कर परिवहन विभाग को भेजे जाते हैं।

# साइबर धोखाधड़ी का मामला सुलझाया ,एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक मामले को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक नागरिक को पुरानी कार बेचने के बहाने ठगा था। उसके पास से डेबिट कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किए गए।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, 16 अप्रैल को त्रिलोकपुरी निवासी हरीश की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क किया और एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए पुरानी कार बेचने का प्रस्ताव दिया। आरोपी ने शिकायतकर्ता का भरोसा जीता और उसे बुकिंग और प्रोसेसिंग शुल्क के तौर पर दो लाख रुपए ट्रांसफर करने के लिए राजी कर लिया।

हालांकि, रकम मिलने के बाद आरोपी ने न तो गाड़ी दी और न ही पैसे लौटाए। बाद में उसने जवाब देना भी बंद कर दिया, जिससे धोखाधड़ी का संदेह पैदा हुआ। मामला दर्ज होने के बाद जांच शुरू की गई।

अपराध की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने विस्तृत वित्तीय और तकनीकी जांच शुरू की। बैंक लेन-देन के विश्लेषण से पता चला कि धोखाधड़ी से प्राप्त रकम एक बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी। केवाईसी दस्तावेजों, खाते की गतिविधियों और डिजिटल फुटप्रिंट्स की आगे की जांच से संदिग्ध की पहचान अमन सेठी के रूप में हुई। इसके बाद, दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर छापे मारे गए।

आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था और अपने ज्ञात पते को खाली कर दिया था। गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी समेत लगातार प्रयासों से पुलिस टीम उसकी गतिविधियों को ट्रैक करने और आखिरकार उसे पकड़ने में सफल रही। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने जांचकर्ताओं को गुमराह करने और महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने की कोशिश की, लेकिन जुटाए गए सबूतों के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# एएसआई खुदकुशी मामले की सीबीआई जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने एमसीडी के सफाई विभाग में तैनात एएसआई राजकुमार सोलंकी की आत्महत्या मामले को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

'आप' एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि चार इंजन भाजपा सरकार में एमसीडी अधिकारियों पर वसूली का जबरदस्त दबाव है। अधिकारियों के उत्पीड़न के शिकार एएसआई की खुदकुशी मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। वहीं, निगम पार्षद राजीव चौधरी ने कहा कि एएसआई की आत्महत्या ने भाजपा सरकार में एमसीडी में जड़ें जमा चुका भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है। एएसआई निलंबित चल रहे थे। आत्महत्या से पहले की उनकी एक ऑडियो वायरल हो रही है।

इससे साफ पता चलता है कि उनकी बहाली के लिए उनसे 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी और इसी दबाव में आकर उनको आत्महत्या करने जैसा कदम उठाना पड़ा। उन्होंने भाजपा शासित एमसीडी से मांग की कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को उनके ही पद पर सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही पूरे मामले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जाए।आम आदमी पार्टी के एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा की चार इंजन सरकार के तहत प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है और अधिकारियों पर अवैध वसूली के लिए दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने इसे बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि इससे न केवल व्यवस्था की पारदर्शिता प्रभावित हो रही है, बल्कि ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों का मनोबल भी टूट रहा है।




**'आप' एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार एमसीडी अधिकारियों पर एएसआई खुदकुशी मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए।**

## एक नजर

### कमर्शियल गैस कीमतों में उछाल को लेकर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में हालिया भारी वृद्धि को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। पीपुल्स राइट्स फ्रंट के प्रमुख अभिमन्यु गुलाटी ने इस बढ़ोतरी को आम जनता और छोटे व्यापारियों पर सीधा आर्थिक बोझ बताते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं।

अभिमन्यु गुलाटी ने अपने बयान में कहा कि फरवरी 2026 में दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत ₹1,740.50 थी, जो 1 मई 2026 को बढ़कर ₹3,071.50 हो गई है। उनके अनुसार, यह लगभग 76 प्रतिशत की वृद्धि है, जो आम आदमी की आर्थिक स्थिति को और कमजोर करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी बढ़ोतरी सरकार और तेल-गैस कंपनियों के बीच मिलीभगत की ओर संकेत करती है। उन्होंने कहा कि पहले से महंगाई की मार झेल रहे नागरिकों पर इस निर्णय का गंभीर प्रभाव पड़ेगा। विशेष रूप से छोटे रेस्टोरेंट, ढाबे, कैटरिंग सेवाएं और हलवाई जैसे व्यवसाय, जो कमर्शियल गैस पर निर्भर हैं, उनकी लागत में अचानक वृद्धि होगी। इससे खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी होना तय माना जा रहा है।

### चार दिन में बिना पीयूसी के 15 हजार से ज्यादा वाहन बगैर ईंधन लौटाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नीति का असर अब साफ दिखने लगा है। 26 से 29 अप्रैल के बीच महज चार दिनों में 15,678 वाहनों को वैध पीयूसी प्रमाणपत्र न होने के कारण पेट्रोल-डीजल देने से मना कर दिया गया। आंकड़ों के अनुसार, 26 अप्रैल को 3,525 वाहनों को ईंधन नहीं मिला, 27 अप्रैल को 4,012, 28 अप्रैल को 4,235 और 29 अप्रैल को 3,906 वाहनों को फ्यूल स्टेशनों से वापस लौटा दिया गया। ये आंकड़े दिल्ली के नौ डिपो और नोएडा के एक डिपो से सामने आए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई प्रदूषण नियंत्रण के लिए नीति के सख्त क्रियान्वयन का हिस्सा है। बड़ी संख्या में वाहन बिना वैध पीयूसी के सड़कों पर चल रहे हैं, जो वायु प्रदूषण बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। सरकार ने 22 अप्रैल को फिर स्पष्ट किया था कि बिना पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह नियम अक्टूबर 2025 में लागू किया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में इसके सख्त पालन के निर्देश दिए हैं।

### अब प्रॉपर्टी टैक्स के साथ ही जमा होगी जनरल ट्रेड/स्टोरेज लाइसेंस फीस

**नई दिल्ली।** नागरिकों की सुविधा बढ़ाने, व्यवसाय को सरल बनाने तथा अनुपालन के बोझ को कम करने के उद्देश्य से दिल्ली नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण नागरिक-केंद्रित सुधार लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत जनरल ट्रेड/स्टोरेज लाइसेंस फीस के आकलन एवं संग्रह को अब प्रॉपर्टी टैक्स प्रणाली के साथ एकीकृत किया जाएगा।

इस पहल के अंतर्गत, दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 417 के तहत अलग से आवेदन कर जनरल ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने की वर्तमान व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। अब सभी संपत्ति स्वामी/कब्जाधारी,जिन्हें यूनिक प्रॉपर्टी आइडेंटिफिकेशन कोड के माध्यम से चिन्हित किया गया है, प्रॉपर्टी टैक्स पोर्टल के जरिए प्रॉपर्टी टैक्स के साथ ही संबंधित लाइसेंस फीस का भुगतान आसानी से कर सकेंगे। नई व्यवस्था के तहत जनरल ट्रेड/स्टोरेज लाइसेंस फीस को युक्तिसंगत बनाते हुए संबंधित संपत्ति के प्रॉपर्टी टैक्स का 15% निर्धारित किया गया है। यह शुल्क प्रत्येक वर्ष प्रॉपर्टी टैक्स के भुगतान के समय देय होगा, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और परेशानी मुक्त बनेगी।

इस भुगतान के बाद उत्पन्न रसीद ही संबंधित परिसर के लिए वैध जनरल ट्रेड/स्टोरेज लाइसेंस मानी जाएगी। इसके अतिरिक्त, जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूर्ण जिम्मेदारी भी संबंधित स्वामी/कब्जाधारी/व्यापार संचालक की होगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन से होने वाली हानि या क्षति के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होगा और उस पर दीवानी एवं आपराधिक दायित्व लागू होंगे।

## अयान हत्याकांड: हाथ काटकर अलग करने की भी कोशिश की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मयूर विहार थाना क्षेत्र स्थित त्रिलोकपुरी में बृहस्पतिवार रात अयान (17) की चाकू से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार रात अयान अपने एक दोस्त के साथ 28 ब्लॉक के पार्क में मौजूद था। इस बीच छह लड़कों ने उसे घेर लिया था । अयान ने जान बचाने की खूब कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने घेरकर उसे जमीन पर गिरा दिया। एक आरोपी ने तो उसका हाथ काटकर अलग करने का प्रयास किया। करीब दर्जनभर चाकू मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में अयान नजदीकी एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर होने पर उसे एम्स ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। देर रात इलाज के दौरान अयान ने दम तोड़ दिया। खबर मिलने के बाद मौके पर पुलिस के अलावा क्राइम टीम व एफएसएल मौके पर पहुंची। पहले पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। अयान की मौत के बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में विशाल और तुषार नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। शुरुआती जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जनवरी में त्रिलोकपुरी इलाके में गोली चली थी। उसमें अयान का नाम भी आया था। आरोप है कि उसका बदला लेने की नियत से उसकी हत्या हुई।

# मुसलमानों में लीडरशिप की कमी के चलते हर तरह का पिछड़ापन मौजूद: सआदतउल्लाह हुसैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमात ए इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतउल्लाह हुसैनी ने आज यहां शनिवार को एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजमेरी गेट के सभागार में मुख्य अतिथि के तौर पर लीडरशिप इन द लाइट आफ कुरान एंड हदीस विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मुसलमानों में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से लीडरशिप में कमी देखी जा रही है।




मुसलमानों में लीडरशिप की कमी की वजह से उन्हें हर तरह के पिछड़ेपन से दो चार होना पड़ा है। राजनीति में लीडरशिप का बड़ा महत्व होता है और राजनीतिक दल हमेशा मुसलमानों की लीडरशिप को कमजोर करने और उभरने से रोकने की कोशिश में लगे रहते हैं । जमात अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा नहीं है कि मुसलमान में लीडरशिप को लेकर के चिंता व्यक्त नहीं की जाती है हमेशा इस पर बहस होती है मगर इसमें कामयाबी नहीं मिल पाती है। उन्होंने कहा कि भारत का मुसलमान वर्तमान राजनीति को सामने रख कर अपनी रणनीति बनाता हैं जबकि मुसलमानों को चाहिए कि 20-25 साल आगे की राजनीति को सामने रखकर के रणनीति बनाएं तभी उन्हें कामयाबी मिल सकती है।उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि मुसलमानों में नेतृत्व करने की क्षमता नहीं है जब किसी मुसलमान को ऐसा अवसर मिलता है तो वह इसमें आगे निकलने की कोशिश करता है लेकिन किसी न किसी कारण वंश उसे आगे बढ़ने से रोक दिया जाता है। राजनीति में जो मुसलमान कभी आगे बढ़ा भी हैं तो उनके अंदर मुसलमानों के लिए कुछ कर जाने की इच्छा शक्ति नहीं होती है और वह चाह करके भी कुछ नहीं कर पाते हैं।



**झारखंड सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर अरवा राजकमल ने न्यू झारखंड भवन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की की समीक्षा करते हुए।**

# एनडीएमसी 'सुविधा शिविर' में 101 जन शिकायतें प्राप्त हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने जय सिंह रोड स्थित एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में आज 'सुविधा शिविर' का सफल आयोजन किया।

यह शिविर एनडीएमसी क्षेत्र के निवासियों एवं सेवा उपभोक्ताओं के लिए एकल खिड़की के रूप में शिकायत निवारण, जानकारी प्रदान करने तथा सुविधाओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित किया गया। इस शिविर में नागरिकों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली, जिसमें कुल 101 शिकायतें दर्ज की गईं, जिन्हें संबंधित विभागों द्वारा तत्काल निस्तारण हेतु लिया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्यत: कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, उद्यान, जन स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्य, कर एवं संपत्ति विभागों से संबंधित थीं। इसके अतिरिक्त, बड़ी संख्या में नागरिकों ने विभिन्न नागरिक सेवाओं के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। शिविर की एक प्रमुख विशेषता नागरिकों और विभागीय अधिकारियों के बीच सीधा संवाद रहा, जिससे पारदर्शिता, स्पष्टता एवं त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को बल मिला। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि नीतिगत स्तर के मामलों में शिकायतकर्ताओं को प्रक्रिया एवं समय-सीमा के बारे में स्पष्ट जानकारी दी गई। प्रभावी एवं जवाबदेह सेवा सुनिश्चित करने हेतु शिविर में 30 से अधिक विभागों के 100 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए।



# अरवा राजकमल ने नए झारखंड भवन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** झारखंड सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर अरवा राजकमल ने आज न्यू झारखंड भवन का विस्तृत औचक निरीक्षण कर समग्र व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान भवन की मेंटेनेंस, हाउसकीपिंग, रसोई संचालन, कर्मचारियों की उपस्थिति विवरणी,कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का भौतिक सत्यापन किया गया।

उन्होंने अधिकारियों को न्यू झारखंड भवन को बेहतर प्रशासनिक समन्वय एवं जनसुविधाओं के मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कर्मचारियों का सुव्यवस्थित विवरण संधारित करने, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम बनाने हेतु इलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल एवं डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने पर बल दिया। ऑनलाइन फीडबैक प्रणाली शुरू करने एवं मैनुअल रिकॉर्ड को नियमित रूप से अपडेट रखने, शौचालय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं कूड़ा-कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के सख्त निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं शिकायतों की जानकारी ली तथा उनके त्वरित, व्यवहारिक एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, न्यू झारखंड भवन परिसर में उद्योग विभाग एवं JTDC कार्यालय प्रारंभ करने की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिससे दिल्ली स्थित झारखंड भवन को राज्य के प्रशासनिक, औद्योगिक, पर्यटन एवं जनसंपर्क गतिविधियों के प्रभावी केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त बनाया जा सकेद्य

इसके अतिरिक्त, उन्होंने रसोई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि भोजन की आपूर्ति समय पर एवं बिना किसी विलंब के सुनिश्चित की जाए, ताकि भवन में ठहरे अतिथियों एवं कर्मचारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो मेडिकल साइंसेज के लिए 174.20 करोड़ से बनेगा नया भवन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के मौरिस नगर में इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो मेडिकल साइंसेज के लिए भवन का निर्माण किया जाएगा। इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो मेडिकल साइंसेज के भवन निर्माण के लिए सैद्धांतिक रूप से 174.20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करते हुए विस्तृत अनुमान तथा डीपीआर तैयार करने का कार्य सीपीड बल्यूडी को सौंपने की मंजूरी प्रदान कर दी गई है। भवन समिति द्वारा ढाका कॉम्प्लेक्स में स्टूडियो अपार्टमेंट के निर्माण के लिए 233.35 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान को स्वीकृत किया गया है। ढाका कॉम्प्लेक्स में छात्रावास के लिए उक्त निर्माण को शिक्षा मंत्रालय द्वारा पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है।

# रिश्वत प्रकरण में एमसीडी के पूर्व अधिकारीयों को राहत नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नगर निगम के पूर्व उपायुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा और प्रशासनिक अधिकारी दिव्यांशु कुमार गौतम को रिश्वतखोरी मामले में फिलहाल राहत नहीं मिली है। अदालत ने दोनों आरोपितों की न्यायिक हिरासत 13 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया है।

यह आदेश राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित विशेष न्यायाधीश सुदीपांशु कौशिक की अदालत ने सुनाया। अदालत ने कहा कि मामले की जांच अभी जारी है और प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के लिए आरोपितों की हिरासत आवश्यक है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार, यह मामला 30 मार्च 2026 को दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ताओं मुकेश कुमार शर्मा और गजेंद्र कुमार ने आरोप लगाया था कि उनकी विभागीय जांच को उनके पक्ष में निपटाने के बदले चार लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई। जांच में सामने आया कि प्रशासनिक अधिकारी दिव्यांशु कुमार गौतम ने यह रकम पूर्व उपायुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा की ओर से मांगी थी। सीबीआई ने आरोपों की पुष्टि के बाद जाल बिछाकर कार्रवाई की और 30 मार्च को गौतम को 4 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### नन्दग्राम कांड: पति, सौतन और उसकी बहन ने

# महिला को बनाया शिकार, बंधक बनाकर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना नन्दग्राम क्षेत्र के हिण्डन विहार में एक महिला के साथ बेरहमी से मारपीट और हत्या के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता गुलबहार (पत्नी इसराईल) ने अपने पति इसराईल पुत्र निजामुद्दीन, उसकी कथित दूसरी पत्नी सोनम और सोनम की बहन शिफा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।





पीड़िता के अनुसार, करीब 10 माह पहले उसका पति इसराईल सोनम नाम की महिला को घर लेकर आया और उससे निकाह करने की बात कहकर उसे घर में ही रखने लगा। विरोध करने पर इसराईल ने गुलबहार को बच्चों सहित घर छोड़ने की धमकी दी। मना करने पर इसराईल और सोनम ने मिलकर उसके साथ लगातार मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों उसे कमरे में बंद कर जानवरों की तरह पीटते थे और कई बार गला दबाकर जान से मारने की को. शिश भी की।

मामला 25 अप्रैल की रात करीब 8:15 बजे और गंभीर हो गया, जब इसराईल, सोनम और शिफा ने मिलकर गुलबहार को कमरे में बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा। पीड़िता के मुताबिक, उसके बाल पकड़कर सिर दीवार में मारा गया, लोहे के घूंसे से चेहरे और सिर पर वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। आरोप है कि हमलावर उसे कमरे में बंद कर फरार हो गए।

अगले दिन हालत बिगड़ने पर पीड़िता ने एमएमजी अस्पताल और जिला संयुक्त अस्पताल गाजियाबाद में इलाज कराया, जहां सीटी स्कैन और एमआरआई में सिर में खून के थक्के, नाक व पैर में फ्रैक्चर, कंधे की मांसपेशियां क्षतिग्रस्त और आंख में गंभीर चोट की पुष्टि हुई। फिलहाल उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पीड़िता ने थाना नन्दग्राम में तहरीर देकर तीनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है!

# भाजपा महानगर कार्यकारिणी सदस्य बनने पर वीरेंद्र कंडेरे ने लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा महानगर कार्यकारिणी सदस्य बनने पर वीरेंद्र कंडेरे ने महंत नारायण गिरी, गुरू पवन सिन्हा व भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया से आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार कंडेरे ने महंत नारायण गिरी व पवन सिंन्हा से गाजियाबाद नाम परिवर्तन कर गजप्रस्थ करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने का निवेदन किया दोनों महानुभाव ने शीघ्र ही मुख्यमंत्री से इस विषय पर व्यक्तिगत स्तर पर चर्चा करने का आश्वासन दिया व हरनन्दी तट पर बसे भगवान दुधेश्वरनाथ की परम





पावन धरा का पौराणिक नाम वापस मिलने आशा व्यक्त की।

# इलाज के दौरान हुई युवक की मौत मामले में परिजनों ने की इन्साफ की मांग

### अस्पताल व डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** क्षेत्र के हापुड़ रोड़ स्थित श्री भारत हॉस्पिटल में गत माह मुरादनगर निवासी युवक की इलाज में लापरवाही से हुई मौत पर अस्पताल व ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने न्याय की मांग की है! ज्ञात हो कि मुरादनगर निवासी मोहम्मद आरिफ द्वारा श्री भारत हॉस्पिटल में हुई कथित चिकित्सीय लापरवाही के मामले में आज गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की गई। पीड़ित पक्ष के अनुसार दिनांक 05 मार्च 2026 को मो. फिरोज का गॉल ब्लैडर (पित्त की थैली) का ऑपरेशन श्री भारत हॉस्पिटल में डॉ. पारुल कुमार एवं संचालक परवीन द्वारा किया गया था। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान गंभीर लापरवाही के कारण मरीज की ब्ठक क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके बाद मरीज की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मृत्यु हो गई।

परिवार का आरोप है कि इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद जिलाधिकारी कार्यालय, कमिश्नर कार्यालय, एसडीएम कार्यालय में लिखित शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है लेकिन दो सप्ताह बाद भी कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई, जिससे परिवार एवं स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि नामित डॉ. पारुल कुमार वर्तमान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बागपत के अधीन सर्जन के पद पर कार्यरत हैं, इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की जानी चाहिए! परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वे जन आंदोलन एवं अन्य कानूनी कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे। इस विषय में वर्तमान सीएमओ गाजियाबाद डॉ अमित विक्रम से पूछने पर उन्होंने बताया कि इस मामले कि जाँच जारी है, डॉ पारुल कुमार के सरकारी डॉक्टर होने के बावजूद प्राइवेट इलाज करने के आरोप पर उन्होंने इससे अनभिज्ञता जताते हुए जानकारी कर उचित कार्यवाही करने की बात कही!

### यष्टी गुप्ता ने बढ़ाया स्कूल व परिवार का मान

# आईसीएसई 10वीं में 91% अंक हासिल कर रचा सफलता का नया अध्याय

**■ बिना किसी ट्यूशन या कोचिंग के घर पर ही नियमित अध्ययन करते हुए यष्टी ने यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर सफलता हासिल की जा सकती हैख्इस बात को साकार कर दिखाया है सेंट पॉल एकेडमी, राजनगर की छात्रा यष्टी गुप्ता ने। यष्टी ने आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि अपने परिवार का भी नाम रोशन किया है।

बिना किसी ट्यूशन या कोचिंग के घर पर ही नियमित अध्ययन करते हुए यष्टी ने यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि यदि संकल्प मजबूत हो तो सीमित संसाधनों में भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

यष्टी के पिता अश्वनी केशरवानी एक निजी कंपनी में डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर



कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता संगीता केशरवानी अध्यापिका हैं। परिवार ने उनकी इस सफलता पर खुशी जताते हुए इसे मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया। यष्टी गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

उन्होंने बताया कि उनका सपना भविष्य में एक वैज्ञानिक बनने का है और वे आगे भी इसी समर्पण के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखेंगी। विद्यालय परिवार और शिक्षकों ने यष्टी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में शोध करने के तरीको पर व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में "शोध करने के तरीके" विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईटीएस दी एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा जी एवं मुख्य अतिथि प्रो. सूरज कुमार, प्रोफेसर, सेंटर फॉर फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन, साइंसेज, जामिया मिलिया इस्लामिया, विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के द्वारा हुआ।





अर्पित चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम न केवल किताबों से मिलने वाले ज्ञान को मजबूत बनाते हैं बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहा. रिक समझ, शोध की सोच और सही चिकित्सकीय निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करते हैं।

इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रोफेसर सूरज कुमार एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं शोधकर्ता है, जिनके पास शैक्षणिक एवं चिकित्सा के क्षेत्र में वर्षा का अनुभव है। अपने व्याख्यान में प्रो. सूरज कुमार ने शोध (रिसर्च) करनेके आसान और सही तरीकों को सरल भाषा में समझाया।

उन्होंने बताया किकिस प्रकार एक अच्छा शोध विषय चुना जाता है, जिससे जुड़े सवाल कैसे बनाएजाते हैं, जानकारी कैसे एकत्रित की जाती है और सही तरीके से विश्लेषण कैसेकिया जाता है।

उन्होंने यह भी बताया कि सही उपचार के लिए केवल अनुभव ही नहीं बल्कि प्रमाणों और तथ्यों का भी उपयोग करना बहुत आवश्यक है जिससे मरीज को बेहतर लाभ मिल सके। इस सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों में शोध लेखन वैज्ञानिक सोच और उपचार में सही निर्णय लेने की समझ विकसित हुई।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे। प्रोफेसर सूरज ने सभी प्रश्नों के उत्तर सरल और स्पष्ट तरीके से दिए। सभी विद्यार्थियों ने आई.टी.एस दी एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से उन्हें इस प्रकार के ज्ञानवर्धक अवसर निरंतर प्राप्त होते रहते हैं।

# परशुराम शोभायात्रा को लेकर किया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में 03 मई रविवार को आयोजित होने वाली भव्य परशुराम शोभा यात्रा जोकि हनुमान मंदिर, सिकरी कलां से प्रारंभ होकर परशुराम मंदिर, पुरानी तहसील, मोदीनगर (गाजियाबाद) पर संपन्न होगी के संबंध में सिकरी कलां गांव में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शोभा यात्रा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि यात्रा के लिए 3-4 आकर्षक झांकियां एवं 4 डीजे की व्यवस्था की गई हैं। समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश वशिष्ठ जी ने बताया कि सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और क्षेत्र के श्रद्धालुओं में



कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी समाज बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे इस शोभा यात्रा को सफल बनाएं। बैठक में एडवोकेट प्रमोद शर्मा, पप्पन शर्मा, एडवोकेट सचिन शर्मा, मयंक शर्मा, आक. ाश शर्मा (नगर अध्यक्ष भाजपा), सागर शर्मा, मधुसूदन शर्मा, बंटी शर्मा, कुणाल शर्मा, विनय वशिष्ठ, कौशल वशिष्ठ, अमित कराटे, राजकिशोर शर्मा एवं अभिषेक शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।



**नगर पंचायत कार्यालय निवाड़ी पर upsida द्वारा जमीन अधिग्रहण को लेकर आयोजित बैठक में किसानों की समस्याओ का समाधान करते एडीएम अवनीश कुमार upsida DGM सलिल यादव, एसडीएम अजीत सिंह, तहसीलदार रजत सिंह व निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी!**

# डीपीएस मोदीनगर में साइबर शिक्षा पर जागरूकता सत्र का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शनिवार को को दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में साइबर शिक्षा विषय पर एक जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सोनम तोमर, जो मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं, अपने चार विद्यार्थियोंख्समीर कुमार, सौरव कुमार, सत्यम कुमार एवं संभव सुमंगख्के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी एवं ट्रस्टी अनीशा गांधी की



गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता डॉ. सोनम तोमर ने विद्यार्थियों को साइबर शिक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सही उपयोग एवं दुरुपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा बताया कि किस प्रकार हम अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग से बचाव, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के प्रभावी उपाय भी साझा किए। इस सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सतर्क एवं जागरूक रहने की प्रेरणा मिली। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आज प्राप्त ज्ञान आप सभी को डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं सही उपयोग करने के लिए प्रेरित करेगा। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि आपको एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारे जीवन को आसान बनाते हैं, लेकिन यदि हम सावधान न रहें, तो यही साधन हमारे लिए चुनौती भी बन सकते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम तकनीक का उपयोग समझदारी और जिम्मेदारी के साथ करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरो. ही ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इसी उद्देश्य से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि जीवन कौशल में भी दक्ष बन सकें। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के हैडमास्टर श्री अंकित गालयान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# कार-बाइक की टक्कर में एक की दर्दनाक मौत

**धामपुर।** बीती देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। नूरपुर-धामपुर मार्ग पर कस्बा नीदंडू के पास कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल देखा गया। पुलिस के अनुसार शाम दुर्घटना की सूचना थाना धामपुर को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भेजा गया। घायल की पहचान ओमप्रकाश (57 वर्ष) पुत्र मुकराम निवासी ग्राम चाकरपुर, थाना धामपुर के रूप में हुई, जो बाइक से किसी कार्य से जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सामने से आ रही कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिससे ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और आसपास मौजूद लोग मौके पर एकत्र हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टर ने ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परि. जनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के

# पीजीडीएम प्रतिभागियों के लिए इंटरनेशनल एजुकेशन टूर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर द्वारा पीजीडीएम सत्र (2025-27) के प्रतिभागियों के लिए इंटरनेशनल एजुकेशन टूर का आयोजन किया गया है। यह टूर तीन समूहों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम समूह के छात्रों के लिए फ्लैग-ऑफ सेरेमनी का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छात्रों को संबोधित किया।

उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें यात्रा के दौरान अधिकतम ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण के माध्यम से छात्र वैश्विक उद्योग, शिक्षा प्रणाली एवं संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करते हैं। यह यात्रा तीन समूहों में आयोजित की जाएगी। तीनों समूह क्रमशः 3 मई, 7 मई एवं 8 मई 2026 को प्रस्थान करेंगे।

इस अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र कुआलालंपुर शहर भ्रमण के अंतर्गत पेट्रोनास ट्विन टावर्स, किंग पैलेस, मर्डेका स्क्वायर, केआई टावर का भ्रमण करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रतिभागी जेंटिंग हाइलैंड्स, मलेशिया के एक





प्रमुख हिंदू तीर्थस्थल, बाटू गुफाओं और टू-वे केबल कार का अनुभव प्राप्त करेंगे।

पुत्राजाया भ्रमण के दौरान छात्र पिंक पुत्रा मस्जिद, परदाना पुत्रा (प्रधानमंत्री कार्यालय), पुत्राजाया झील और भविष्यवादी सेरी ववासन पुल का अवलोकन करेंगे। इसके अतिरिक्त छात्र विश्वविद्यालय भ्रमण एवं औद्योगिक भ्रमण में भी भाग लेंगे। इस अवसर पर आई टी एस ख्र द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा ने सभी प्रतिभागियों के लिए सुरक्षित एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं और कहा कि शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आई टी एस- द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को यात्रा के दौरान मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानार्जन के महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कह कि संस्थान द्वारा आयोजित इंटरनेशनल एजुकेशन टूर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# भारी मात्रा में गांजा बरामद सप्लायर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपनी लगातार मुहिम जारी रखते हुए दिल्ली की एंटी-ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) ने एक ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के पास से भारी मात्रा में गांजा जब्त किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह ऑपरेशन जमीनी स्तर पर नशीले पदार्थों के खतरे से निपटने में दिल्ली पुलिस के सक्रिय दृष्टिकोण और परिचालन दक्षता को दर्शाता है। आरोपी की पहचान बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी नीरज कुमार के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि नशीले पदार्थों की तस्करी को लेकर बढ़ती चिंताओं को देखते हुए एक टीम गठित की गई थी, जिसे पूर्वी जिला क्षेत्र में तैनात किया गया। टीम ड्रग तस्करों की निगरानी और पहचान करने में सक्रिय रूप से लगी हुई थी। जब टीम पहले से ही क्षेत्र में गश्त और निगरानी ड्यूटी पर थी, तभी गाजीपुर सब्जी मंडी के पास गांजा बेचने में लिप्त एक व्यक्ति के बारे में एक गुप्त सूचना मिली। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम मौके पर पहुंची, निगरानी की और एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की।

पुलिस की मौजूदगी भांपकर उस व्यक्ति ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम की पहले से तैनाती और सतर्कता के कारण उसे तेजी से पीछा करके पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1.957 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने खुलासा किया कि वह स्थानीय स्तर पर गांजे की सप्लाई में शामिल था और उसने आसानी से पैसे कमाने व अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए इसे आगे बांटने के मकसद से हासिल किया था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया है। मामले से जुड़े पिछले और अगले कड़ियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है

## कमर्शियल गैस के दामों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस हमलावर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब 76 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी को लेकर राजधानी की सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस के करोल बाग जिला अध्यक्ष महेंद्र भास्कर ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह फैसला आम जनता, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है।

महेंद्र भास्कर ने कहा कि फरवरी 2026 में दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत ₹1,740.50 थी, जो 1 मई 2026 को बढ़कर रु. 3,071.50 हो गई है। उनके अनुसार, इतनी बड़ी वृद्धि किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है और इससे पहले से महंगाई झेल रही जनता को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां आम लोगों को राहत देने के बजाय उन्हें आर्थिक संकट में डाल रही हैं। चुनाव के बाद अचानक कीमतों में उछाल को लेकर भी उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए और इसे जनता के विश्वास के साथ अन्याय बताया। भास्कर ने कहा कि इस बढ़ोतरी का सीधा असर छोटे रेस्टोरेंट, ढाबे, कैटरिंग सेवाओं और हलवाई जैसे व्यवसायों पर पड़ेगा, जिनकी लागत बढ़ने से खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी इजाफा होगा। इसका अंतिम बोझ आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा।

# ऑनलाइन कार बेचने के नाम पर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के साइबर थाना पुलिस ने सेकेंड हैंड कार बेचने के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। आरोपी की पहचान अमन सेठी के रूप में हुई है, जो ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था।

पुलिस के अनुसार, त्रिलोकपुरी निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर 16 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने खुद को एक ऑनलाइन कार मंच का कर्मचारी बताकर भरोसा जीता और सेकेंड हैंड कार दिलाने के नाम पर बुकिंग तथा प्रक्रिया शुल्क के रूप में करीब दो लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद न तो कार दी गई और न ही पैसे लौटाए गए, बल्कि आरोपी ने संपर्क भी समाप्त कर दिया।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने बैंक खातों और डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण कर आरोपी की पहचान की। टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा। अंततः तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले भी इसी तरह की ठगी की घटनाओं में शामिल रह चुका है।

## संदीप पाठक के आवास की सुरक्षा बढ़ी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के दिल्ली स्थित आवास की सुरक्षा अचानक बढ़ा दी गई है, जिससे राजधानी के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब उनके खिलाफ पंजाब में गंभीर आरोपों से जुड़े मामले सामने आए हैं।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के पंडारा रोड स्थित आवास पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पंजाब पुलिस की कोई टीम वहां नहीं पहुंची, बल्कि सुरक्षा कारणों से एहतियातन यह व्यवस्था की गई है। दरअसल, पंजाब पुलिस द्वारा संदीप पाठक के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज किए जाने की खबरों के बाद यह पूरा घटनाक्रम सामने आया है।

# मुख्यमंत्री ने सुनीं शालीमार बाग के लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयोजित जनसुनवाई में शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं, शिकायतें और सुझाव गंभीरता से सुने। बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न परेशानियां सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखीं।

मुख्यमंत्री ने हर मामले को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने और तय समय में समाधान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह जनता की अपेक्षाओं को समझने और उन्हें जल्द पूरा करने का एक प्रभावी माध्यम है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई से मिलने वाले सुझाव और फीडबैक सरकार के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इन्हीं के आधार पर नीतियों और योजनाओं को अधिक जनोन्मुखी बनाया जाता है। उन्होंने दोहराया कि दिल्ली सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनती हुई।**

# पहले भी गिरफ्तार हो चुका हवलदार समय सिंह मीणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की पांचवीं बटालियन में तैनात 2009 बैच का हवलदार समय सिंह मीणा पहली बार गिरफ्तार नहीं हुआ है। करीब डेढ़ साल पहले सराय रोहिल्ला इलाके में हुई करीब 35 लाख की लूट के मामले में इसको गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उस समय इसे निलंबित कर दिया गया था। जेल से बाहर आने के बाद आरोपी ने अपनी पहुंच का इस्तेमाल करते हुए खुद को बहाल करवाकर दोबारा से ड्यूटी ज्वाइन कर ली। इसके बाद भी आरोपी ने अपना धंधा नहीं छोड़ा। दिन में आरोपी पुलिसगिरी करता और रात के अंधेरे में आरोपी डकैती का सरदार होता था। इसका एक पूरा नेटवर्क है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि समय सिंह मीणा को सट्टेबाजी के अलावा अय्याशी का शौक है। शायद इसकी वजह से उसे लूटपाट और डकैती का चस्का लग गया है।

फिलहाल समय सिंह को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि उसके खिलाफ इस बार सख्त से सख्त एक्शन लिया जाएगा। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2022 में आरोपी ने चांदनी महल इलाके में एक युवक को रुपयों के लिए अगवा कर लिया था। बाद में उससे वसूली भी की गई थी। इसके अलावा वर्ष 2024 में समय सिंह ने पश्चिम विहार इलाके में अपने गिरोह के साथ मिलकर डकैती डाली थी। इसके अलावा सराय रोहिल्ला इलाके में वर्ष 2024 में ही उसने दोबारा लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया।

## दिल्ली बेंगलुरु फ्लाइट की बीच रास्ते से वापसी

**नई दिल्ली।** शनिवार की सुबह दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई2314 को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद ही वापस पार्किंग बे में लौटना पड़ा। दरअसल, एक यात्री के उड़ान भरने से पहले घबरा जाने के कारण पायलट को सावधानीवश विमान को वापस पार्किंग बे में आना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, यात्री ने अचानक उड़ान के दौरान घबराहट महसूस की, जिसके बाद सुरक्षा को देखते हुए उड़ान रद कर दी गई। विमान में सवार अन्य यात्रियों को दूसरी उड़ान से गंतव्य तक भेजा जाएगा। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# एलबीएसआईएम का 29वां दीक्षांत समारोह: 393 छात्रों को मिले डिप्लोमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल बहादुर शास्त्री इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (एलबीएसआईएम) ने 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया, जिसमें कुल 393 विद्यार्थियों को पोस्ट ग्रेजुएट मैनेजमेंट प्रोग्राम्स में डिप्लोमा प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आलोक कुमार राय, निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान कलकत्ता रहे।

इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया जिसमे पीजीडीएम (जनरल) में दिव्या यादव, फाइनेंशियल मैनेजमेंट में कनिष्का, रिसर्च एंड बिजनेस एनालिटिक्स में दीक्षा गुप्ता, ई-बिजनेस में दीपिका गुप्ता और एआई एंड डेटा साइंस में आरुषि भारद्वाज ने अपने-अपने पाठ्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।




अपने संबोधन में डॉ. आलोक कुमार राय निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के बदलते समय में आगे बढ़ने के लिए सीखते रहना, नई सोच अपनाना और नैतिकता के साथ काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे मजबूत बने रहें, नए अवसरों को अपनाएं और समाज व देश के विकास में योगदान दें। दीक्षांत समारोह में पीजीडीएम (जनरल) के 219, फाइनेंशियल मैनेजमेंट के 52, रिसर्च एंड बिजनेस एनालिटिक्स के 58, ई-बिजनेस के 26 और एआई एंड डेटा साइंस के 27 विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किए गए। इसके अलावा, पिछले बैचों के कुछ विद्यार्थियों को भी इस अवसर पर डिप्लोमा दिया गया। इस मौके पर अनिल शास्त्री, चेयरमैन, एलबीएसआईएम ने विद्यार्थियों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से ईमानदारी और अच्छे मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की अपील की।

# 3 से 4 मई को आंधी व बारिश का यलो अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 3 और 4 मई के लिए बारिश और आंधी का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके चलते आने वाले एक सप्ताह तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 20 से 24 डिग्री के बीच बना रहेगा। इससे मई की शुरुआत सुहावने मौसम के साथ होगी और तेज गर्मी से राहत मिलेगी। दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री कम 37.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर बादलों और धूप के बीच लुकाछिपी चलती रही, वहीं तेज हवाओं ने भी गर्मी का असर कम किया।

मौसम विभाग के अनुसार 3 मई को यह 36-38 डिग्री और 4 मई को 35-37 डिग्री तक रहने की संभावना है। इसके बाद 5 और 6 मई को न्यूनतम तापमान 20-23 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। अप्रैल में हुई अच्छी बारिश ने पिछले 16 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिससे इस बार गर्मी का असर कुछ कम देखने को मिल रहा है।

## अनाधिकृत कॉलोनियों के विकास को फंड जारी करने की मांग

**नई दिल्ली।** एमसीडी की शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष और नजफगढ़ वार्ड से पार्षद अमित खरखड़ी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर अनधिकृत कॉलोनियों के विकास के लिए फंड जारी करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र से जुड़े कई अहम मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों के लिए तय फंड को पार्षदों को दिल्ली सरकार की ओर से जारी किया जाता है। उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकार ने इस फंड को चार से पांच वर्षों से जारी नहीं किया।




**समाज कल्याण, एससी/ एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह कटेवड़ा गांव में फिरनी रोड एवं आर.सी.सी. नाले के निर्माण कार्य शुभारंभ करते हुए।**

# फिरनी रोड नाले के निर्माण कार्य को मिली गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री एवं बवाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह के प्रयासों से आज कटेवड़ा गांव में फिरनी रोड एवं आर.सी.सी. नाले के निर्माण कार्य को गति मिली है, जिससे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

यह कार्य मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह के अथक प्रयासों से दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड के फंड द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है, जिसमें सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। लंबे समय से लंबित यह मांग अब पूरी होती नजर आ रही है, जिससे गांव के लोगों को बड़ी राहत मिली है। फिरनी रोड और आर.सी.सी. नाले के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि जल निकासी की समस्या का भी स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा।ग्राम विकास बोर्ड के माध्यम से क्षेत्र में कई अन्य विकास योजनाएं भी लगातार चलाई जा रही हैं, जिससे पूरे बवाना विधानसभा क्षेत्र में व्यापक विकास देखने को मिल रहा है।

# मेट्रो स्टेशनों के बाहर खत्म होंगे ई-रिक्शा व ऑटो स्टैंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मेट्रो स्टेशन के आस-पास अब आपको ट्रैफिक और जाम नहीं दिखाई देगा। मेट्रो स्टेशनों के आस-पास जाम को खत्म करने के लिए सर्कुलेशन प्लान लागू किया जा रहा है।

इसके लिए सर्वे चल रहा। सर्वे में सामने आए जाम लगने वाले मेट्रो स्टेशनों के आप-पास ये ट्रैफिक प्लान लागू होगा। राजधानी दिल्ली मेट्रो 416 किलोमीटर के दायरे में फैली है और कुल 303 मेट्रो स्टेशन हैं। इन मेट्रो स्टेशनों पर ज्यादातर ई-रिक्शा, ऑटो व ग्रामीण सेवा चलती हैं। ये छोटे वाहन मेट्रो को आसपास की छोटे इलाके से जोड़ते हैं।

लोग छोटी दूरी के लिए इन वाहनों पर निर्भर रहते हैं। मगर सबसे बड़ी परेशानी ये है कि ई-रिक्शा हो, या बस या फिर ऑटो सभी को मेट्रो स्टेशनों के पास न तो कोई स्टैंड है और न ही कोई जगह। ऐसे में ये वाहन चाहे जहां खड़े हो जाते हैं इससे मेट्रो स्टेशनों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस जाम को खत्म करने के लिए अब दिल्ली ट्रैफिक पुलिस व मेट्रो साथ आए हैं। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) नीरज ठाकुर ने बताया कि ट्रैफिक जाम की स्थिति को खत्म करने के लिए ऑपरेशन सर्कुलेशन जारी होगा।

इसके लिए मेट्रो स्टेशनों का सर्वे किया जा रहा है। ये सर्वे शनिवार से शुरू हो रहा है और तीन दिन तक चलेगा। ये सर्वे मेट्रो व ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी करेंगे। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान ये देखा जाएगा कि किस मेट्रो स्टेशन में कहां वाहन व्यवस्थित नहीं खड़े होते और किस मेट्रो स्टेशन में ज्यादा जाम लगता है।

# कार चोरी गिरोह का खुलासा, 10 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय कार चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 31 फॉर्च्यूनर सहित कई लग्जरी कारें बरामद की गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों पर चोरी किए गए वाहनों के चेसिस नंबर बदलकर उन्हें बेचने का आरोप है। डीसीपी क्राइम ब्रांच आदित्य गौतम ने बताया कि शहमारी क्राइम ब्रांच की इंटर-स्टेट सेल को वाहन चोरों के पूरे गिरोह का भंडाफोड़ करके एक बड़ी सफलता मिली है। यह गिरोह मांग पर वाहन चुराता था, उनके चेसिस नंबरों से छेड़छाड़ करता था, और फिर फर्जी और नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके उन्हें दोबारा रजिस्टर करवाता था, जिसके बाद उन्हें पूरे देश में बेच देता था। इस ऑपरेशन में, इंटर-स्टेट सेल की टीम, सब-इंस्पेक्टर राजेंद्र ढाका, एएसआई प्रवीण और हेड कांस्टेबल मोनित ने काफी मेहनत की। उनकी मेहनत की बदौलत अब तक कुल 31 महंगी लग्जरी गाड़ियां बरामद की गई हैं।

# मोबाइल पर अचानक बजा तेज अलर्ट त्वरित आपदा चेतावनी प्रणाली का परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शनिवार दोपहर करीब 11:42 बजे देशभर में लाखों लोगों के मोबाइल फोन पर अचानक तेज अलर्ट टोन के साथ संदेश प्राप्त हुआ, जिससे कुछ समय के लिए लोगों में हलचल मच गई।

हालांकि, यह किसी आपदा का संकेत नहीं था, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई नई त्वरित आपदा चेतावनी प्रणाली का परीक्षण था।

सरकार ने मोबाइल आधारित इस नई प्रणाली के माध्यम से आपदा की स्थिति में लोगों तक तुरंत सूचना पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस पहल के पीछे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रमुख भूमिका बताई जा रही है।

इस प्रणाली में सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक का उपयोग किया गया है, जो किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के लोगों को तत्काल और सटीक सूचना देने में सक्षम है। इसकी खास बात यह है कि नेटवर्क व्यस्त होने या जाम की स्थिति में भी अलर्ट संदेश बिना देरी के लोगों तक पहुंच सकता है। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई प्रमुख शहरों में इस प्रणाली का परीक्षण किया गया, जिसमें लोगों को हिंदी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषाओं में संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में स्पष्ट रूप से लिखा था कि यह एक परीक्षण है और नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

यह नई प्रणाली स्वदेशी 'सचेत' मंच पर आधारित है, जिसे सी-डॉट द्वारा विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य भूकंप, बाढ़, चक्रवात, गैस रिसाव जैसी आपदाओं के दौरान समय रहते चेतावनी देकर जनहानि और नुकसान को कम करना है।

## 56 मिलियन डॉलर का निवेश मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्विक होम सर्विस प्लेटफोर्म स्नेब्बिट ने 56 मिलियन डॉलर के सीरीज डी निवेश प्राप्ति की घोषणा की है। यह निवेश सस्क्वेहाना वेंचर कैपिटल, मिराए एसेट वेंचर इन्वेस्टमेंट्स के यूनिकॉर्न ग्रोथ फंड और बर्टेल्समैन इंडिया इन्वेस्टमेंट्स ने मिलकर किया है। मौजूदा निवेशकों नेक्सस वेन्चर पार्टनर्स और लाइटस्पीड ने भी इसमें भाग लिया।

साथ ही नए निवेशक एफ जे लेब्स भी शामिल हुए। सीरीज सी के केवल छह ही महीने बाद हुए इस निवेश के साथ, स्नेब्बिट द्वारा जुटाई गई कुल पूंजी अब 112 मिलियन डॉलर की हो गई है।

# राजघाट-शांति वन रिंग रोड का होगा सुंदरीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के अतिमहत्वपूर्ण वीआइपी क्षेत्रों में शामिल राजघाट और शांति वन के बीच रिंग रोड खंड का व्यापक सुंदरीकरण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को इस परियोजना के लिए मंजूरी मिल गई है, जिसे लगभग 96 लाख रुपये की लागत से दो माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

परियोजना के अंतर्गत सड़क क्षेत्र को अधिक आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें उन्नत प्रकाश व्यवस्था, सजावटी स्ट्रीट लाइटों की स्थापना तथा हरित पट्टी को सुदृढ़ करने के लिए बागवानी कार्य शामिल हैं। विभाग ने इसके लिए निविदाएं भी जारी कर दी हैं, जिससे कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना है।

पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इस योजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के इस क्षेत्र की सौंदर्य वृद्धि करना है। राजघाट, जहां महात्मा गांधी की समाधि स्थित है, विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के दौरे का प्रमुख स्थल है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ा फरियादियों का जनसैलाब

## समाधान दिवस में गूंजा 30 साल पुराना दर्द, डीएम ने लगाई अफसरों की क्लास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीणा के कार्यभार संभालने के बाद शनिवार को आयोजित पहले संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तहसील परिसर में सुबह से ही लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचने लगे। खासतौर पर नगरपालिका और विद्युत विभाग से जुड़ी शिकायतों को लेकर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने एक-एक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी समयबद्ध कार्रवाई करें। समाधान दिवस के दौरान कई विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं, लेकिन एक मामला ऐसा था जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। एक शिक्षक, जो पिछले 30 वर्षों से अपने वेतन के लिए संघर्ष कर रहा है, अपनी फरियाद लेकर जिलाधिकारी के सामने पहुंचा। बताया गया कि शिक्षक ने अपने वेतन के लिए विभागीय अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री स्तर तक गुहार लगाई, लेकिन तीन दशक बीत जाने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिल सका। पीड़ित शिक्षक के दस्तावेजों को



जिलाधिकारी कविता मीना ने गंभीरता से देखा और पूरे प्रकरण को समझा। इसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को तत्काल बुलाकर मामले में जवाब-तलब किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि इस प्रकरण का शीघ्र



और निष्पक्ष निस्तारण किया जाए। समाधान दिवस में कुल 62 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 8 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिका. रियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## बैसाख पूर्णिमा पर गूंजा श्रद्धा का माहौल, सत्यनारायण कथा-हवन में उमड़ी आस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बैसाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के प्रधान कार्यालय पर भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा, कथा, हवन एवं आरती का आयोजन पूरे विधि-विधान, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं. के. सी. पाण्डेय एवं महामंत्री अनीशा सोनी पाण्डेय रहे। कथा वाचन के दौरान मुख्य आचार्य पंडित अमर प्रकाश पाण्डेय ने भगवान श्री सत्यनारायण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में यह व्रत सबसे सरल, प्रभावशाली और फलदायी माना गया है। उन्होंने बताया कि यह व्रत स्वयं भगवान विष्णु द्वारा लोककल्याण के लिए नारद मुनि के प्रश्न पर बताया गया था, जिसका विस्तृत वर्णन स्कंदपुराण में मिलता है। इस अवसर पर संरक्षक डा. वासुदेव शर्मा, पंडित हरीश शर्मा, परामर्श मंडल के विद्वान पंडित कमलेश घिल्डियाल, पंडित आदित्य भारद्वाज, समन्वयक पंडित अजय पाण्डेय, थाना प्रभारी हापुड़ नगर विनोद पाण्डेय, मीडिया प्रभारी एस्ट्रो धर्मेंद्र बंसल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कथा के उपरांत हवन एवं आरती का आयोजन हुआ। महासभा अध्यक्ष पं. के.सी. पाण्डेय ने बताया कि जनकल्याण और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महासभा द्वारा प्रतिवर्ष बैसाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा (बुद्ध पूर्णिमा) एवं कार्तिक पूर्णिमा पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजन किए जाते हैं।

## शराब पीने से रोका तो घर पर बरसाए पत्थर, 5 नामजद सहित कई पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के संतोष नगर में मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते गंभीर रूप ले लिया, जब शराब पीने से मना करने पर कुछ युवकों ने एक मकान पर पथराव कर दिया। सूचना मिलते ही थाना देहात पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लेते हुए भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार संतोष नगर में पथराव की सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि क्षेत्र में सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा थी और माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था। पुलिस ने तत्काल स्थिति को संभालते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि कुछ युवक एक मकान पर लगे



सीसीटीवी कैमरे और घर पर पत्थरबाजी कर रहे थे। मकान में किराए पर रहने वाले नितिन कुमार ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि उसके घर के बाहर कुछ युवक शराब पी रहे थे।

उसने जब उन्हें वहां शराब पीने से मना किया तो युवक भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने नितिन के साथ मारपीट शुरू कर दी। खुद को बचाने के लिए नितिन घर के अंदर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उसके घर और सीसीटीवी कैमरे पर पत्थरबाजी कर दी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। थाना देहात पुलिस ने नितिन कुमार की तहरीर और साक्ष्यों के आधार पर पांच नामजद युवकों सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की गश्त भी बढ़ा दी गई है।

## डीएम का तहसील हापुड़ में औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस से पूर्व शनिवार को जिला. धिकारी कविता मीना ने तहसील हापुड़ का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने तहसील के विभिन्न पटलों (डेस्क) पर पहुंचकर वहां कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सीधे संवाद किया और लंबित मामलों, शिकायतों के निस्तारण तथा अभिलेखों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने अभिलेखों के रख-रखाव, शिकायत रजिस्टर, आय-जाति प्रमाण पत्र, भूमि संबंधी प्रकरणों तथा राजस्व वादों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पटल पर आने वाले आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया जाए और अनावश्यक रूप से किसी भी मामले को लंबित न रखा जाए। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में साफ-सफाई, जनसु. विधाओं और कर्मचारियों की उपस्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया गया। डीएम कविता मीना ने बताया कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता में शामिल है, जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित और संतोषजनक समाधान करना है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर कार्य संतोषजनक है, लेकिन जहां भी सुधार की आवश्यकता है, वहां संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता सामने आती है, तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। हमारा प्रयास है कि तहसील स्तर पर व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, जवाबदेह और जनहितकारी बनाया जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।



## दहेज में 10 लाख व स्कॉर्पियो की मांग, जयमाला से पहले दूल्हा फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुलंदशहर रोड स्थित एक मैरिज होम में आयोजित शादी समारोह उस समय हंगामे में बदल गया, जब दूल्हा पक्ष पर दहेज में 10 लाख रुपये नकद और स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग करने, फायरिंग करने और बाद में दूल्हे के फरार होने के गंभीर आरोप लगे। इतना ही नहीं, बाद में हुए समझौते के तहत दिया गया 11 लाख रुपये का चेक भी बाउंस हो गया, जिससे मामला और तूल पकड़ गया है।

मोहल्ला लज्जापुरी निवासी अधिवक्ता हरीश कुमार ने बताया कि उनकी बहन की शादी 25 अप्रैल 2026 को ग्रीन वैली मैरिज होम, बुलंदशहर रोड पर गाजियाबाद के विजयनगर निवासी मयंक सिंह के साथ तय थी। आरा. ेप है कि सगाई के बाद से ही दूल्हा मयंक सिंह, उसके पिता महेंद्र सिंह, माता रविता सिंह सहित अन्य परिजन 10 लाख रुपये नकद और स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग करने लगे। पीड़ित के अनुसार काफी समझाने के बाद बारात तो आ गई, लेकिन चढ़त के बाद स्टेज पर दूल्हा शराब के नशे में बदतम. ीजी करने लगा। विरोध करने पर दूल्हा पक्ष के लोगों ने अभद्रता की और आरोप है कि जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की। घटना के दौरान दूल्हे ने बेहोश होने का नाटक किया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से वह कथित रूप से जेवरात व अन्य सामान लेकर फरार हो गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दूल्हे के पिता ने बाद में भी मांग पूरी करने पर ही शादी कराने की बात कही। मामले में पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को कोतवाली नगर बुलाया गया, जहां समाज के संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में समझौते का प्रयास किया गया। आपसी सहमति से तय हुआ कि दूल्हा पक्ष, दुल्हन पक्ष को शादी में हुए खर्च के एवज में 14 लाख रुपये देगा। इसके तहत मौके पर 3 लाख रुपये नकद और 11 लाख रुपये का चेक दिया गया। हालांकि, जब पीड़ित पक्ष ने चेक बैंक में लगाया तो खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि इस घटना से उन्हें आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से गहरा आघात पहुंचा है। वहीं पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन रवाना

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA आगामी 9 मई (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस पहल का लक्ष्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक लोक अदालत की जानकारी पहुंचाना है, ताकि लंबित मामलों का त्वरित और सुलहपूर्ण निस्तारण हो सके। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विकास कुमार ने दो प्रचार वाहनों को रवाना किया। उन्होंने बताया की इस बार करीब शाढ़े तीन लाख वादों के निस्तारण का लक्ष्य



रखा गया है,

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी और पराविधिक स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे। ये वाहन शहर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में भी जाकर लोगों को लोक अदालत के महत्व और इसकी प्रक्रिया के बारे में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में अपर जिला जज अनीता सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन मथुरा के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारी तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य भी मौजूद थे।

### एक नजर

## डीएम व एसपी ने सुनी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने खेकड़ा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य की शिकायत सुनी जिसमें खेकड़ा तहसील 9 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 3शिकायतों का निस्तारण किया गया,शिकायतों का समय अवधि के अंतर्गत गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया। बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिला अधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें 37शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें मौके पर 4शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण संभव हो इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए माह के प्रथम वे तृतीय शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, एसडीएम मनीष यादव,परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, तहसीलदार, अधिशासी अधिक. ारी खेकड़ा हरिलाल पटेल सहित आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल गांव में एक 24 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी परिजनों नें युवक का अंतिम संस्कार कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार चमरावल गांव में एक 24 वर्षीय लाला पुत्र राजबीर मजदूरी का काम करता था पारावारिक कलह कू चलते युवक नें घर में रखा जहरीला पदार्थ तीन दिन पहले खा लिया था जिसे गम्भीर अवस्था में बडौत के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेरठ अस्पताल रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने गांव लाकर युवक का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि थानें में कोई तहरीर नही आयी है पारावा. रिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाने की सूचना मिली थी।

## दाहा बरनावा मार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** दाहा बरनावा मार्ग पर शुक्रवार रात एक बाईक ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को बिनौली सीएचसी से हायर सेंटर रेफर किया गया है। पलडी गांव निवासी अभिषेक पुत्र विनोद व मुलसम गांव निवासी आशीष पुत्र सतपाल रात में बरनावा से बाइक पर जा रहे थे। जैसे ही संतनगर से आगे पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर से बाइक टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए बिनौली सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां से दोनों को इलाज के लिए बागपत रेफर किया गया है।

## कांग्रेस पार्टी आज निकालेगी बडौत नगर में भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल पद यात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रविवार को बडौत नगर में कांग्रेस पार्टी भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल पद यात्रा निकालेगी। यात्रा नगर के बनौली रोड से शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई नगर के दिल्ली सहारनपुर बस स्टैंड होते हुए पैदल मार्च करते हुए दिल्ली बस स्टैंड पर भारी प्रदर्शन के साथ भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल करते हुए शहर का भ्रमण करने के बाद बाद यह यात्रा शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राम हरि पवार के कार्यालय पर पहुंचेगी जहां पर रविवार को कांग्रेस के बड़े नेता मीडिया के सामने रूबरू होंगे। यह कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी ओंकार दत्त शर्मा जोनमाना ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए मीडिया को दी है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क करें तैयारी

eFkjkA मुख्य विकास अधिकारी डॉ पूजा गुप्ता ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सचिवालय मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के शासनादेश के क्रम में परीक्षा पूर्व प्रतियोगी परीक्षा जैसे यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस, एसएससी इत्यादि की तैयारी कर रहे प्रतियोगी अभ्यर्थियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण, कोचिंग में ऑफलाईन प्रवेश के लिए शैक्षिक सत्र एक जुलाई से 30 अप्रैल के मध्य निर्धारित किया गया है,

जिसके क्रम में सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी मथुरा कक्ष संख्या 05 अथवा कक्ष संख्या 21 सी, ब्लाक सी, बीएसए कॉलेज मथुरा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन पत्र में दी गयी सभी प्रतिष्टियां सही सही भरकर समस्त संलग्नकों (शैक्षिक योग्यता, आय, जाति एवं निवास) संबंधी प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी कक्ष संख्या 05 राजीव भवन मथुरा में जमा करने की अन्तिम तिथि 01. जून, 2026 तक है।

## वृंदावन में कमरे के अंदर मिले युवक व युवती के शव

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA कोतवाली क्षेत्र की पानीघाट कॉलोनी में शुक्रवार की देर रात बंद कमरे में युवक युवती के शव मिलने से सनसनी फैल गई। लड़का फंदे पर लटका मिला था और लड़की की लाश तखद्त पर पड़ी हुई मिली। घटना स्थल से फॉरेन्सिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये हैं।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। थाना जमुनापार की श्यामा पुरम कॉलोनी, लक्ष्मी नगर निवासी 28 वर्षीय युवती राधिका चौधरी पुत्री भरत सिंह करीब पांच वर्षों से रंगजी मंदिर पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित पानीघाट कॉलोनी में हरिओम पाण्डेय के मकान में किराए पर रह रही थी। पुलिस की





शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि थाना छाता के गांव तरौली निवासी 24 वर्षीय सुभाष ठाकुर पुत्र महिपाल सिंह और राधिका एक दूसरे को करीब दो साल से जानते थे। युवक का युवती के कमरे पर आना जाना लगा रहता था। शुक्रवार की रात को पड़ोसियों ने जंगला से देखा कि युवक पंखे के फंदा पर लटका है तो उन्होंने पुलिस को खबर की। सूचना पर इंस्पेक्टर क्राइम धर्मेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था। दरवा. जा तोड़कर अंदर घुसे तो देखा कि लड़का फंदा डाले लटका था, वहीं पास में तखद्त पर युवती की लाश भी पड़ी हुई थी। जिसके बाद फॉरेन्सिक टीम को भी बुला लिया गया।

सीओ प्रीतमपाल सिंह भी घटना स्थल पर पहुँच गये और मामले की पड़ताल की। सीओ ने बताया कि दोनों के शव पोस्ट मार्टम के लिये भेजे गये हैं जिसके बाद मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सकेगा। क्षेत्राधिकारी (सीओ) सदर पी.पी. सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच और परिजनों से पूछताछ में दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात सामने आई है। युवक के चचेरे भाई ने भी इस बात की पुष्टि की है कि दोनों पहले से एक-दूसरे को जानते थे।

## दिल का दौरा पड़ने से मथुरा जिला कारागार में निरुद्ध कैदी की मौत

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA जिला कारागार में निरुद्ध एक कैदी की शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी में मौत का कारण दिल का दौरा बताया जा रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

मृतक की पहचान नौहझीलन निवासी करीब 40 वर्षीय कुशल पाल पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी नौझील के रूप में हुई है, जो पिछले करीब 5 महीनों से संगीन धाराओं में जेल में बंद था। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह अचानक उसे सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद जेल प्रशासन में अफरा तफरी मच गई। जेल के चिकित्सक ने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया,

लेकिन हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, कुशलपाल 25 दिसंबर से जेल में बंद था और उस पर जानलेवा हमले सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज थे। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दिल का दौरा पड़ने का लग रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की जांच कर रहा है। घटना के बाद जेल परिसर में चर्चा और आशंका का माहौल बना हुआ है। कुशलपाल दिसंबर 2025 से आर्म्स एक्ट और हत्या के मामले में न्यायिक अभिरक्षा के तहत जिला कारागार में बंद था। प्रारंभिक तौर पर चिकित्सकों ने हार्ट अटैक को मृत्यु का कारण बताया है। जेल अधीक्षक अंशुमान गर्ग का कहना है कि बंदी की तबीयत बिगड़ते ही तत्काल उपचार की व्यवस्था की गई थी। हार्ट अटैक से उसकी सामान्य मृत्यु हुई है।

## बलदेव, राया, महावन के किसानों को मिली मदद

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA महावन तहसील के सभागार में बलदेव तहसील के अंतर्गत बलदेव, राया,महावन क्षेत्र के गांवों के किसानों को ओलावृष्टि एवं बरसात से हुई फसलों की नुकसान की भरपाई के लिए शासन द्वारा द्वितीय चरण में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश, उपजिलाधिकारी महावन उषा सिंह ने किसानों को दस चेक सांकेतिक रूप से वितरण किए।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश ने कहा कि प्रदेश की योगी आदित्य नाथ सरकार द्वारा किसानों को द्वितीय किस्त के रूप में सहायता राशि किसानों के खाते में सीधे भेजी गई है। सरकार ने जो किसानों से वायदा किया



था,उसको पूरा कर रही है। प्रत्येक आपदा पीड़ित किसान को उसकी फसल का उचित मुआवजा मिलेगा। एसडीएम महावन उषा सिंह ने बताया कि अब तक एक करोड़ पचास लाख रूपये के करीब किसानों के खाते में पैसा भेजा गया है। आज दस किसानों को सांकेतिक चेक दिए गए हैं। जिसमें अठाईस चेक द्वितीय किस्त के रूप में किसानों को दिए हैं। जो किसान रह गए हैं उनका भी शीघ्र चेक वितरण होगा। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे। इस दौरान तहस. ीलदार महावन अमित त्रिपाठी,अनिल रावत, धर्मवीर सिंह,मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गोयल, भूरी सिंह, लेखराज सिंह, कृष्ण मुरारी पुरोहित आदि उपस्थिति थे।

# तीनों तहसीलों में 200 शिकायतें हुई दर्ज

**■ नौ शिकायतों का अधिकारियों के माध्यम से मौके पर निस्तारण**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिले की तीनों तहसीलों में कुल 200 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने तहसील जेवर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का स्थलीय सत्यापन करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील जेवर में कुल 90 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन जनता की समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जवाब. देही के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों की जांच करें और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रजनीकांत मित्तल, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, तहसीलदार जेवर ओमप्रकाश पासवान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में तहसील दादरी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 104 शिकायतें दर्ज की गई, जिनके सापेक्ष 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों के माध्यम से किया गया। वहीं तहसील सदर में अपर जिलाअधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 06 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके सापेक्ष 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों के माध्यम से करा दिया गया।

# सोसायटी का बैरियर तोड़ा और गार्ड को पीटा, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित रजत विहार सोसायटी में एक युवक द्वारा बैरियर तोड़ने और बुजुर्ग सुरक्षा गार्ड को पीटने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि यह घटना 1 मई 2026 की है और थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के अंतर्गत आती है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक तेज रफ्तार वाहन से सोसायटी के प्रवेश द्वार पर पहुंचता है और बैरियर को तोड़ते हुए अंदर घुसने की को. शिश करता है। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात बुजुर्ग गार्ड उसे रोकने का प्रयास करता है, जिस पर युवक आक्रोशित हो जाता है और गार्ड के साथ हाथापाई करने लगता है।

घटना के दौरान मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। इस घटना के बाद सोसायटी के निवासियों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि सोसायटी के शांतिपूर्ण माहौल को भी प्रभावित करती हैं।

निवासियों ने आरोप लगाया है कि आरोपी युवक का व्यवहार पहले भी संदिग्ध रहा है और उस पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस के अनुसार, दिनांक 1 मई को थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में गार्ड के साथ मारपीट की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक दक्ष प्रियांश को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है और अन्य आवश्यक विधिक प्रक्रिया भी जारी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही, उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# नोएडा में पहली बार होगा 'ब्रज रस भजन क्लबिंग'



**■ युवाओं को भक्ति से जोड़ने की पहल, 800 लोग होंगे शामिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रेंड कर रहे भजन क्लबिंग कॉन्सेप्ट को अब नोएडा में भी नया मंच मिलने जा रहा है। आगामी 10 मई को ISKCON नोएडा मंदिर में पहली बार 'ब्रज रस भजन क्लबिंग' का भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य खासतौर पर युवा पीढ़ी को भक्ति, संगीत और आध्यात्मिकता से जोड़ना है।

आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम वृंदावन की दिव्यता और ब्रज संस्कृति को मंच पर जीवंत करेगा, ताकि नोएडा में बैठे लोग भी ब्रज रस का अनुभव कर सकें। आयोजन में वृंदावन धाम की महिमा, लीलाएं, गौड़ीय वैष्णव आचार्यों की शिक्षाएं, हरि भजन और हरि कीर्तन के वास्तविक स्वरूप को प्रस्तुत किया जाएगा।

इस्कॉन नोएडा ने बताया कि आज के दौर में इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर भजन क्लबिंग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसी ट्रेंड को आध्यात्मिक दिशा देने के लिए 'ब्रज रस' थीम तैयार की गई है। कार्यक्रम ꣿज्ञब्व्छ छवपकं के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा, जिसमें 800 से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# दुकान बेचने का झांसा देकर एक करोड़ ठगे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली के एक दुक. ानदार ने एक बिल्डर और कुछ लोगों पर दुकान बेचने का झांसा देकर एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप लगाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बिल्डर समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

दिल्ली गांधीनगर के रहने वाले होरीलाल ने न्यायालय को बताया कि वह गाजियाबाद में पान की दुकान चलाता है। उसे नोएडा में एक दुकान की तलाश थी। यह बात दुकानदार ने अपने दोस्त सूरज को बताई। सूरज ने दुकानदार होरीलाल को एक बिल्डर के प्रोजेक्ट में दुकान दिलाने का झांसा दिया। उसकी मुलाकात एक प्रॉपर्टी डीलर आदित्य राज सक्सेना से करवाई। वहीं, प्रॉपर्टी डीलर ने पीड़ित की मुलाकात शिवदत्त शर्मा नाम के एक व्यक्ति से करवाई। शिवदत्त ने कहा कि नोएडा में एक बिल्डर के प्रोजेक्ट में उसकी दुकान बुक है, जिसकी रजिस्ट्री अभी नहीं हुई है। पीड़ित को झांसा दिया कि वह बाकी पैसा बिल्डर को दे दे तो वह उसके नाम पर रजिस्ट्री कर देंगे। दुकान खरीदने के लिए 65 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। शिवदत्त शर्मा ने पूर्व में बिल्डर को बीस लाख रुपये दिए थे, बाकी 45 लाख रुपये भी बिल्डर के यहां जमा कर दिए। होरीलाल को बताया गया कि पहले दुकान शिवदत्त के नाम रजिस्टर्ड होगी। इसके बाद उसके नाम पर की जाएगी। आरोप है कि पूरा पैसा लेने के बावजूद भी होरीलाल के नाम पर दुकान की रजिस्ट्री नहीं की गई। पीड़ित का आरोप है कि उसे झांसे में लेकर करीब 1 करोड़ 9 लाख रुपये जमा करवा लिए गए और दुकान पर कब्जा नहीं दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि इसमें बिल्डर की मिलीभगत सामने आई। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब इस मामले में न्यायालय के आदेश पर सेक्टर 142 थाना पुलिस ने बिल्डर अशीष भूटानी, शिवदत्त शर्मा, आदित्य राज सक्सेना, विदित शर्मा और चिराग शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## निवेश का झांसा देकर 75 लाख ठगे

**■ टेलीकॉम कंपनी से रिटायर्ड इंजीनियर को वाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा पहले दिया मुनाफा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने टेलीकॉम विभाग से रिटायर्ड 71 साल के इंजीनियर के साथ 75 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में ठगी के संबंध में केस दर्ज कराया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है,उनकी जांच की जा रही है।

सेक्टर-104 स्थित एटीएस वन हैमलेट सोसाइटी में रहने वाले बुजुर्ग आलोक सहदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 फरवरी 2026 को उन्हें वाट्सऐप पर एक निवेश ग्रुप में जोड़ा गया। इस ग्रुप का नाम वेल्थ एलायंस बताया गया, जिसमें शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर भारी मुनाफे का दावा किया जा रहा था। ग्रुप में मौजूद लोगों द्वारा लगातार मुनाफे के स्क्रीनशॉट और ट्रेडिंग की जानकारी साझा की जाती थी।

**पहले निवेश में मुनाफा पैसा भी मिला:** ग्रुप से जुड़े लोगों ने एक ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाया और बताया कि इसके जरिए भारतीय शेयर बाजार और विदेशी बाजार में निवेश किया जा सकता है। शुरुआत में पीड़ित ने छोटी राशि निवेश की और उन्हें आठ हजार रुपये का लाभ भी दिखाया गया, जो उनके खाते में वापस भी आया। इससे उनका विश्वास और बढ़ गया। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें बड़ी रकम निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

**धीरे धीरे करके पैसा कराए ट्रांसफर:** उन्हें बताया गया कि न्यूनतम बैलेंस बनाए रखना जरूरी है और आईपीओ में निवेश करने पर भारी लाभ मिलेगा। धीरे-धीरे पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए गए। आरोपियों ने यह भी झांसा दिया कि उनके शेयर ज्यादा मात्रा में अलॉट हो गए हैं और अगर अतिरिक्त पैसा जमा नहीं किया गया तो खाता फ्रीज कर दिया जाएगा।

**अकाउंट ब्लाक किया:** जब पीड़ित ने और पैसे देने से मना किया, तो उनका ऐप अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया, वाट्सऐप ग्रुप से हटा दिया गया और दिखाया जा रहा पूरा मुनाफा भी गायब हो गया। इस तरह कुल 75 लाख 64 हजार 47 रुपये की ठगी कर ली गई। यह रकम अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कराई गई थी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से भरोसा जीतकर, झूठे मुनाफे दिखाकर और दबाव बनाकर यह ठगी की।

## एक नजर

### फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के सेक्टर-8 स्थित गत्ता फैक्ट्री में आग लग गई। आग से लाखों का मॉल जलकर राख हो गया। मौके पर एक-एक करके दमकल की 10 गाड़ियों को भेजा गया। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। आग ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर में लगी थी। आग को बुझा दिया गया है। कोई फंसा नहीं है और न ही जनहानि हुई है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग एफ-128 सेक्टर-8 में लगी थी। गार्ड और वहां मौजूल लोगों ने इसकी जानकारी दी। मौके पर एक-एक करके दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। आग को कंपनी के अंदर ही समेट दिया गया। जिससे वो बाहर नहीं आ सकी। लागातार पानी का छिड़काव किया और आसपास की कंपनियों तक आग न पहुंचे इसका ध्यान रखा गया। आग की वजह शॉट सर्किट हो सकती है। हालांकि फैक्ट्री में गत्ता बनाने का काम होता है। इसलिए ज्वलनशील पदार्थ भी हो सकता है। जिससे आग लगी है। आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया है। कोई जनहानि नहीं है। आग से लाखों का मॉल जलकर राख हो गया।

### चार एकड़ में फैला खेल मैदान विकसित करेगा प्राधिकरण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर- 115 स्थित सौहरखा के निवासियों और जनहित संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने एसडीएम अनुज नेहरा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान एसडीएम ने गांव के युवाओं और खेल प्रतिभाओं के लिए भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

एसडीएम ने कहा कि प्रशासन ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए ग्राम सौहरखा में लगभग चार एकड़ में बने सौहरखा खेल मैदान को नोएडा प्राधिकरण से विकसित कराया जाएगा। इस मैदान में विशेष रूप से लड़कियों के लिए रनिंग ट्रैक बनाया जाएगा। परियोजना के लिए नोएडा प्राधिकरण को आधिकारिक प्रस्ताव भेजा जा चुका है। भूमि के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए यहां प्रशिक्षण की बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। इस मौके पर रवि यादव, इन्द्रजित पहलवान, संजय शर्मा, अंकित यादव, जतन पहलवान, प्रदीप यादव, दिनेश पहलवान मौजूद रहे।

### परीक्षा केंद्र पर झुमके-कंगन पहनकर न पहुंचे, फुल स्लीव्स के कपड़े भी बैन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले के 25 केंद्रों पर आज नीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र गाइडलाइंस जारी कर दी हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों को पीने के पानी की पारदर्शी बोतल ही लानी होगी। पैरों में कम हील की फुटवेयर या स्लिपर पहनकर आना होगा। अगर कोई अभ्यर्थी धार्मिक यंत्र या कलावा पहनता है, तो उसे चेकिंग के लिए समय से पहले पहुंचना होगा। विद्यार्थियों को हल्के कपड़े पहनकर आने की सलाह दी गई है। पूरी बांह के कपड़े पहनने वाले विद्यार्थियों को भी समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। साथ ही ड्रेस कोड के मुताबिक एग्जाम सेंटर पर किसी भी तरह की ज्वेलरी पहनकर नहीं जा सकते। इसमें झुमका, कंगन, चेन, अंगूठी जैसी चीजें शामिल हैं। छात्र पूरी बाजू के कपड़े पहनकर परीक्षा नहीं दे सकते। सिर्फ हाफ स्लीव यानी आधी बाजू वाली टी-शर्ट या शर्ट ही पहनने की अनुमति है। कपड़ों पर बहुत बड़े बटन, कढ़ाई या बड़ी पॉकेट नहीं होनी चाहिए। किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, घड़ी या मेटल आइटम साथ न ले जाएं. बाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, कैलकुलेटर या स्मार्ट गैजेट्स शामिल हैं।

**ड्यूटी लगाते समय पक्षपात का आरोप:** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीन शर्मा ने केंद्रों पर ड्यूटी लगाते समय पक्षपात का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हर परीक्षा में प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी जाती है। जब इस परीक्षा में मानदेय अधिक मिलना है तो उन्हें ड्यूटी से दूर कर माध्यमिक शिक्षकों को लगाया गया है। वहीं डीआईओएस ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि जरूरत के हिसाब से ही तैनाती की गई है। वहीं, दूसरी ओर परीक्षा के दौरान 25 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

# लोक अदालत में अधिकतम वाद को हो निस्तारण : न्यायाधीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में नौ मई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए शनिवार को जनपद न्यायालय सभागार में बैठक हुई। जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारी इसमें मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे वादों का पहले ही चिह्नित कर लें, जिससे अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह-सहमति के आधार पर किया जा सके।



लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक विवाद, दीवानी वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम से जुड़े मामले, एमवी एक्ट व ई-चालान, आर्बिट्रेशन, लघु शमनीय अपराध, धारा 138 एनआई एक्ट, विद्युत अधिनियम, भू-राजस्व, सेवा एवं पेंशन, श्रम मामलों के साथ-साथ प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण, बिजली और बीएसएनएल बिल जैसे मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

**प्रचार-प्रसार का निर्देश:** बैठक में नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय को विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि वह अपने अधीन आने वाले सभी विभागों में लंबित वादों की फाइलें समय से तैयार कराएं। सभी विभागों को लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संपर्क विवरण भी जारी किए हैं।

# गर्मी ने की हालत खराब, चार मई को आंधी-बारिश के आसार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में मौसम एक बार फिर बदलने को तैयार है। आईएमडी ने 4 ओर 5 मई को तेज आंधी चलने की अनुमान लगाया है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा तक चलेगी। इसके अलावा दोनों ही दिन हल्की बारिश और बादल छाए रहेंगे। जिससे तापमान में कमी आएगी। हालांकि अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक जाएगा।

शनिवार की बात करे तो अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री तक जाएगा। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री तक रहेगा। इसके अलावा नमी की मात्रा 50 प्रतिशत और हवा की रफ्तार 5 किमी प्रतिघंटा रहेगी। आईएमडी के मुताबिक आसमान साफ रहेगा।



और धूप निकलेगी। कही कही पर आंशिक बादल छा सकते है।

हालांकि बारिश और तेज हवा चलने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में लोगों को तपन का सामना करना पड़ेगा। वहीं दो दिन दोपहर बाद बारिश के बाद जहा एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार हुआ था। वहीं शनिवार को एक्यूआई 158 रिकार्ड किया गया। शाम को और ज्यादा होने की उम्मीद है।

## जेवर में भारी मालवाहक वाहनों पर रोक लगी

**यमुना सिटी।** जेवर कस्बे में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए एक मई से भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर 14 घंटे तक रोक लगा दी गई। वे सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक कस्बे में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

ट्रैफिक पुलिस ने नए यातायात नियम शुरू कर एडवाइजरी जारी कर दी है। यह निर्णय एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों और अन्य गतिविधियों के कारण लगने वाले जाम को कम करने के लिए लिया गया। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छूट मिलेगी। इससे पहले कस्बे में भारी माल वाहक वाहनों के लिए सुबह सात बजे से 10 बजे और शाम को तीन बजे से रात्रि आठ बजे तक प्रवेश पर रोक थी। इसके बावजूद निर्माण साइट और अन्य स्थानों पर आने-जाने वाले भारी वाहनों की वजह से कस्बे में दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती थी।

# नोएडा में रोबोट से होगी सीवर की सफाई

**■ केरल मॉडल को अपनाया जाएगा, नौ मई को तिरुवनंतपुरम जाएंगे अधिकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सीवर सफाई व्यवस्था अब बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है। शहर में मैनुअल सीवर सफाई की जगह जल्द ही रोबोटिक तकनीक से सीवर और मैनहोल की सफाई की जाएगी।

हाल के वर्षों में सीवर सफाई के दौरान हुए हादसों और कर्मचारियों की मौतों के बाद नोएडा प्राधिकरण ने यह बड़ा कदम उठाया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद सफाई कर्मचारियों को सीवर के अंदर उतरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रिस्क फैक्टर जीरो होगा। नोएडा प्राधिकरण का जल खंड विभाग इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है। रोबोटिक मशीनों की खरीद से पहले अधिकारियों को इसके संचालन, तकनीकी उपयोग और रखरखाव की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए 9 मई को प्राधिकरण के दो वरिष्ठ प्रबंधकों को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम भेजा जाएगा। वहां वे रोबोटिक सीवर सफाई सिस्टम का अध्ययन करेंगे और प्रशिक्षण लेंगे।

**क्यों चुना गया केरल:** केरल देश का पहला राज्य माना जाता है, जहां मैनहोल और सीवर सफाई के लिए बड़े स्तर पर रोबोटिक मशीनों का उपयोग शुरू किया गया। वहां मशीनों के जरिए बिना किसी



कर्मचारी को अंदर उतारे सीवर लाइन की सफाई की जा रही है। इसी सफल मॉडल को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी निकाय विभाग ने नोएडा समेत अन्य शहरों को भी आधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश दिए हैं।

**कैसे करेगा रोबोट काम:** रोबोटिक मशीन कैमरा, सेंसर और मैकेनिकल आर्म से लैस होती है। यह मशीन मैनहोल में उतरकर गाद, कचरा और जाम सामग्री को बाहर निकालती है। ऑपरेटर बाहर बैठकर कंट्रोल सिस्टम से पूरी प्रक्रिया संचालित करता है। इससे जहरीली गैस, ऑक्सीजन की कमी और हादसों का खतरा समाप्त हो जाता है।

**नोएडा को क्या होगा फायदा:** रोबोटिक सफाई से न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि सीवर सफाई की गति और गुणवत्ता भी बेहतर होगी। जाम लाइनें तेजी से खुलेंगी, शिकायतें कम होंगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी।विशेषज्ञों का मानना है कि रोबोटिक तकनीक लागू होने के बाद सीवर सफाई में मानवीय जोखिम लगभग शून्य हो जाएगा। नोएडा में यह पहल सफल रही तो प्रदेश के अन्य शहरों में भी इसे लागू किया जा सकता है।

# खाने में नाखून निकलने का आरोप, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित नालंदा लिविंग हॉस्टल के खाने में नाखून निकलने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसा. रित हो रहा है। वीडियो में दिख रहा छात्र कह रहा है कि खाने में दो नाखून निकले हैं और गिनती की चार रोटियां दी जा रहीं हैं। उसने सब्जी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। मामले में सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहित नागर ने आरोप लगाया कि बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

वहीं, हॉस्टल प्रबंधन के राहुल नागर का कहना है कि बच्चों ने खाने में नाखून डालकर वीडियो बना लिया, जिसे वायरल कर दिया गया था। इसी मामले से जुड़ा एक और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें छात्र कह रहा है कि कुछ दोस्तों ने मजाक-मजाक में उसके खाने में नाखून डाल दिया था, जिसकी जानकारी उसे नहीं थी। इस वजह से उसने वीडियो बना लिया था।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# गोली मारकर की युवक की हत्या, हादसा दर्शाने की रची साजिश

❑ पीएम रिपोर्ट में खुला राज, चौकी के सामने एंबुलेंस में शव को लेकर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों का हंगामा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गांव खंद्रावली के निकट बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को सड़क हादसा साबित करने की कोशिश की गई, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गोली लगने की पुष्टि होने पर मामले का खुलासा हो गया। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार सुबह चौकी के सामने एंबुलेंस में शव लेकर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। बाद में पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर हंगामा कर लोगों को शांत किया। पुलिस ने हत्या आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी 24 वर्षीय आशु पुत्र रविंदर शामली के एक निजी अस्पताल में कार्यरत था। शुक्रवार शाम ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। बताया गया कि गांव के निकट चौकी से कुछ दूरी पहले ही अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शुरुआती तौर पर मामला सड़क दुर्घटना का माना गया। पुलिस ने भी युवक को हादसे में घायल समझते हुए शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक के सिर में गोली लगने की पुष्टि होने पर परिजनों में आक्रोश फैल गया। शनिवार सुबह सैकड़ों ग्रामीणों के साथ परिजन हाईवे स्थित चौकी के सामने पहुंचे और एंबुलेंस में शव को लेकर पहुंचते ही हंगामा शुरू कर दिया। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन कार्रवाई होने तक जाम लागाने की जिद्द पर अड़ गए। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला, सीओ हेमंत कुमार और थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों से वार्ता कर घटना की जानकारी ली।इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। काफी समझाने-बुझाने और जल्द खुलासे के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। हत्याकांड के खुलासे के लिए पांच टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।परिजनों ने गमगीन माहौल मे दांह संस्कार कर दिया और परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है।

## परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मृतक आशु पांच भाई-बहनों में शामिल था। उसकी एक बहन की शादी हो चुकी है, जबकि छोटा भाई पिंकू दिव्यांग बताया गया है। पिता रविंदर पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत हैं। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस की मौजूदगी में गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कराया गया।

## हर पहलू पर जांच में जुटी पुलिस

ग्रामीणों के अनुसार आशु का किसी से कोई विवाद या रंजिश नहीं थी। युवक का व्यवहार सामान्य और मिलनसार बताया जा रहा है। ऐसे में हत्या की वजह को लेकर कई तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए हत्याकांड के खुलासे में जुटी हुई है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने मृतक के दोस्तों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई है।

# स्वच्छ भारत मिशन की खुली पोल गंगेरू में चारों तरफ लगे हैं गंदगी के ढेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू में गंदगी के ढेर लगे हुए, गाव के मुख्य मार्गों, सार्वजनिक शौचालयों और सरकारी हैंडपंपों के आसपास लगे कूड़े के ढेरों से उठ रही दुर्गंध के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की है।क्षेत्र के गांव गंगेरू में साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गांव के मुख्य मार्गों के किनारे, सार्वजनिक शौचालय के सामने तथा सरकारी हैंडपंपों के आसपास कूड़ा-कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। इससे उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गंदगी के चलते संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी जताई है। गांव के ही सैयद मोहम्मद आलम ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चला रही हैं, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत स्वच्छ और सुंदर देश बने और स्वच्छ भारत मिशन अभियान भी चला रखा है लेकिन गांव में साफ-सफाई की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार लोगों की लापरवाही और निगरानी के अभाव में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ग्रामीण मोहम्मद शाहिद ने प्रशासन से संबंधित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने और कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि जागरूकता और सख्ती से ही गांव को स्वच्छ रखा जा सकता है।

# जनगणना में जन भागीदारी हो सुनिश्चित:डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हमारा देश-हमारी गणना, सही गणना-सशक्त भारत के संकल्प के साथ जनगणना-2027 को सफल बनाने की दिशा में शामली प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों और सचिवों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें स्व-गणना प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करने और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शामली आलोक यादव की अध्यक्षता में आज ग्राम प्रधानों एवं सचिवों के साथ स्वगणना को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।आयोजित कार्यशाला में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को मास्टर ट्रेनर के रूप में सचिन विकल एवं जनगणना प्रभारी शिवकुमार भारती द्वारा स्व-गणना की प्रक्रिया, इसकी अनिवार्यता तथा तकनीकी पहलुओं के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी आलोक यादव द्वारा कार्यशाला में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को जनगणना 2027 की महत्ता को समझाते हुए ज्यादा से ज्यादा स्व-गणना के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 स्वतंत्रता के बाद देश की आठवीं जनगणना होगी। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस के माध्यम से कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि नागरिकों को मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं अपना विवरण दर्ज करने की सुविधा दी जाएंगी। दिनांक 07 मई से 2026 तक ीजजचेरू//म.ब्मदेने.हवअ.पद पर स्व-गणना करें।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में स्व-गणना की प्रक्रिया 07 मई से प्रारंभ होकर 21 मई 2026 तक संचालित होगी। इसके उपरांत जनगणना का प्रथम चरण, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सम्मिलित है जो 22 मई से प्रारंभ होकर 20 जून 2026 तक संपन्न किया जाएगा। अंततः, प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ संपन्न करें, जिससे सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल सहित सभी ग्रामों के ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव मौजूद रहें।

# नींद की झपकी के कारण पलटा टैंपो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** टैम्पों चालक को नींद की झपकी आने से टैम्पों काबडौत पुल के निकट जाकर पलट गया। हादसे में तीन महिलाओं सहित चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को शामली सीएचसी में भर्ती कराया, जहां एक महिला की हालत नाजुक होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

शनिवार को जनपद बरेली निवासी एक टैम्पों चालक अनिकेत पुत्र रूप किरण अपने मां ऊषा देवी व परिवार की अन्य महिलाओं लक्ष्मी पत्नीर भगवान स्वरूप, विमला पत्नी महावीर को टैम्पों से अंबाला लेकर जा रहा था। बताया जाता है कि तडके करीब 6 बजे जब वह शामली शहर कोतवाली क्षेत्र के काबडौत पुल के निकट पहुचा तो अचानक चालक अनिकेत को नींद की झपकी आ गई, जिससे टैम्पों का संतुलन बिगड गया और टैम्पो अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकराते हुए पलट गया। हादसे के बाद टैम्पों में सवार सभी महिलाऐं घायल हो गई और घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस ने सभी घायलों को शामली सीएचसी में भर्ती कराया, जहां लक्ष्मी की हालत नाजुक होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायल उपचार के बाद घर लौट गए।

गनीमत रही कि हादसे में टैम्पों पुल से नीचे नदी में नही गिरा अन्यथा बडा हादसा हो सकता था।

# तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को मारी टक्कर, इलाज का भरोसा देकर आरोपी चालक फरार

**कैराना।** मोहल्ला आलखुर्द निवासी नईम पुत्र रईस ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसका भाई अनीस पुत्र रईस 27 अप्रैल की सुबह करीब पांच बजे रेत की बुग्गी खरीदने के लिए शामली-कैराना बाईपास स्थित खुरगान चौराहे के पास पैदल जा रहा था। आरोप है कि तभी पीछे से तेज रफ्तार व लापरवाही से आ रही पिकअप (संख्या यूपी 11 बीटी 7824), जिस पर मुर्गों का जाल लगा हुआ था, ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनीस कई फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आरोप है कि चालक घायल को शामली के एक चिकित्सक के पास ले गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। बाद में उसे मेरठ के आनंद अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि वहां चालक इमरान व उसका साथी फुरकान पुत्रगण कामिल निवासी ग्राम भूरा ने इलाज का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन देते हुए कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही, लेकिन अगले ही दिन दोनों अस्पताल से फरार हो गए। परिजनों के अनुसार उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है और वे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। घायल अनीस की हालत नाजुक बनी हुई है।

# सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में छात्राएं सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. बृजभूषण ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान की। वहीं नुक्कड़ नाटक व घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने वाली छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. श्याम बाबू ने किया।इस मौके पर छात्राएं एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# महिलाओं की जनआक्रोश रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव मंटी हसनपुर में महिला आरक्षण बिल पारित न होने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी थाना भवन मंडल द्वारा महिलाओं की जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपना विरोध दर्ज कराया और सरकार से महिला आरक्षण बिल को शीघ्र पारित करने की मांग की। इस दौरान थाना भवन मंडल अध्यक्ष पंडित पवन गौतम, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दीपक कोरी, सहकारी संघ अध्यक्ष महेश गोयल, मीडिया प्रभारी भाजपा आशीष सिंघल,सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं माता-बहनें उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को राजनीति में उचित भागीदारी मिलना बेहद आवश्यक है और इसके लिए महिला आरक्षण बिल का पारित होना समय की मांग है। रैली के माध्यम से महिलाओं ने एकजुटता दिखाते हुए अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की।

## जंपिंग में भविष्य चौहान ने पाया पहला स्थान

**शााह टाइम्स सांददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के कक्षा 5 के छात्र भविष्य चौहान ने उत्तर प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिम्नास्टिक जंपिंग स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया है। बताया जा रहा है कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद भविष्य ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया। खास बात यह है कि इंग्लिश मीडियम स्कूल का यह पहला छात्र है जिसने राज्य स्तर पर इस प्रकार की उपलब्धि हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# ट्रेन में चढ़ते समय फिसलने से यात्री गंभीर घायल

**कांधला।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। हरिद्वार से दिल्ली की ओर जा रही ट्रेन रेलवे स्टेशन पर रुकी हुई थी। इसी दौरान एक यात्री ट्रेन से उतरकर स्टेशन पर कुछ सामान लेने चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तभी ट्रेन चल पड़ी। यात्री ने जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पैर फिसलने से वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार घायल व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। तलाशी के दौरान उसके पास से हरिद्वार से उदयपुर सिटी तक का रेलवे टिकट बरामद हुआ है। जीआरपी पुलिस को सूचना देकर घायल की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।सरकारी चिकित्सक डक्क जितेश कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है तथा मामले की सूचना जीआरपी को दे दी गई है।

# सीएचसी में प्यास से तड़पते मरीज

❑ कैराना सीएचसी में शीतल जल की व्यवस्था हुई फेल।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भीषण गर्मी के बीच स्वास्थ्य सुविधाओं की हकीकत एक बार फिर उजागर हो गई है। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ट्ठसीएचसीऋ में मरीजों को इलाज से पहले पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने से मरीजों और उनके तीमारदारों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जिससे आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इन दिनों क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। लू के थपेड़ों के बीच रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज सीएचसी पहुंच रहे हैं। लेकिन अस्पताल में लगा फ्रीजर या तो खराब पड़े हैं या उनमें पानी ठंडा नहीं हो रहा। ऐसे में मरीजों को प्यास बुझाने के लिए अस्पताल परिसर से बाहर जाना पड़ता है या फिर महंगे दामों पर बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण मरीजों को हो रही है, जो घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। गर्मी और प्यास के कारण कई मरीजों की तबीयत और बिगड़ने का खतरा बना रहता है ।बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे इस अव्यवस्था का सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल में इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाएं भी नदारद हैं। इतनी भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था न होना बेहद शर्मनाक है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात बेहद खराब हैं। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते मरीजों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है।इस संबंध में जब अस्पताल प्रशासन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि समस्या के निराकरण के लिए विभाग को लेटर भेजा गया है। जल्द ही खराब पड़े वाटर फ्रीजर को ठीक कराने और अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।हालांकि, सवाल यह है कि जब गर्मी अपने चरम पर है, मरीजों को कब तक इस समस्या से जूझना पड़ेगा। गौरतलब है कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर शीतल जल जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

## एक नजर

### पति के अवैध संबंधों के विरोध पर मारपीट

**चौसाना।** कस्बे की एक महिला ने अपने पति की यातनाओं से तंग आकर पुलिस को मामले की शिकायत की। पीडिता की शिकायत पर पुलिस आरोपी पति को पकडने पहुॅची तो आरोपी ने पुलिस के सामने पीटा और गालियां दी। चौसाना के एक मौहल्ले निवासी महिला ने अपने पति पर मारपीट करने व अलग अलग गैर महिलाओं से शारीरिक संबंध रखने व रोकने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को मामले की शिकायत की थी। जिस पर एक दिन के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस के सामने ही आरोपी व्यक्ति ने पीडिता को पीटना शुरू कर दिया और गंदी गंदी गालियां दी। आरोप है कि इसके बाद पीडिता ने पुलिस को कार्यवाही को कहा तो पुलिसकर्मियों ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। लेकिन कुछ समय के बाद उसको छोड दिया गया। महिला ने विरोध किया तो उसकी कोई सुनवाई नही हो सकी। पीडिता ने इसके अलावा भी अपने पति पर कई गम्भीर आरोप लगाये है। पीडिता ने एक्स पर मुख्यमंत्री, महिला आयोग व महिला हैल्पलाइन सहित डीजीपी को सहायता की गुहार लगाई है।

### खेत पर पानी लगाने गए किसान पर किया जानलेवा हमला

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर में खेत पर पानी लगाने गए किसान पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एक्स-रे जाँच के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भैसानी इस्लामपुर निवासी इमरान पुत्र अशफाक ने थानाभवन थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई इस्तखार खेत पर फसल में पानी लगाने के लिए गया था। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद जुल्ककार और उसका पुत्र जाहिद ने गन्ने के बीज को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि दोनों ने दबंगई दिखाते हुए गाली-गलौज की और देखते ही देखते इस्तखार पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने खेत में रखे धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। इस संबंध में थाना भवन पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### दिगम्बर महासमिति ने प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का किया उद्घाटन

**शामली।** दिगम्बर महासमिति आदिनाथ इकाई द्वारा आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से विभिन्न रोगों के उपचार की जानकारी दी गई। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.सतीश अग्रवाल ने कहा कि प्रकृति आधारित चिकित्सा पद्धति भारतीय प्राचीन ज्ञान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो बिना दुष्प्रभाव के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि शिविर में मिटी चिकित्सा, जल चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर जैसी विधियों के माध्यम से उपचार किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की। यह शिविर प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को प्रात: 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक दिगम्बर जैन धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।शिविर में पुरुष वर्ग के लिए डॉ.सुमित कुमार तथा महिला वर्ग के लिए डॉ.मंजू रानी द्वारा चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में संरक्षक मोहित जैन वीरेन्द्र जैन, सुशीला जैन, सुदेश जैन, अरविंद जैन, तरुण जैन, अलका जैन, राहुल जैन, राजीव जैन मौजूद रहे।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**कैराना।** मोहल्ला आलकलां लालकुआं निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन कंडेला इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक कंपनी में कार्यरत थी। उसी कंपनी में बरेली जनपद के थाना सीबीगंज क्षेत्र के ग्राम चंदपुर जोगियान निवासी सतेंद्र पुत्र रामप्रसाद भी नौकरी करता था। साथ काम करने के दौरान दोनों के बीच जान-पहचान हो गई थी। आरोप है कि 30 अप्रैल की रात करीब 11 से 12 बजे के बीच सतेंद्र उनके घर पहुंचा और उसकी बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि जाते समय दोनों घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात,करीब 10 हजार रुपये नकद और बैंक पासबुक भी साथ ले गए। घटना के बाद परिजनों ने अपने स्तर पर दोनों की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इससे परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर युवती को सकुशल बरामद करने तथा आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### नशा तस्करी का विरोध करने पर युवक पर फावड़े से जानलेवा हमला

**कैराना।** मोहल्ला आलकलां निवासी शमशाद पुत्र जाहिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले का ही अरशद पुत्र रियासत कथित रूप से स्मैक सहित अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी करता है और उसका आपराधिक इतिहास भी रहा है। आरोप है कि वह पूर्व में कई बार जेल जा चुका है तथा उनके परिवार से पुरानी रंजिश रखता है। पीड़ित के अनुसार, आरोपी पहले भी उसके भाई आरिफ के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर चुका है, लेकिन डर के चलते शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। तहरीर में बताया गया कि 30 अप्रैल को दोपहर करीब एक बजे आरिफ घर के बाहर खड़ा था, तभी आरोपी मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और पास में रखे निर्माण कार्य के फावड़े को उठाकर उस पर हमला कर दिया। आरिफ किसी तरह जान बचाकर घर के अंदर भाग गया, लेकिन आरोप है कि आरोपी जबरन घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसकी फुटेज सुरक्षित रखी गई है और पुलिस को सौंपने की तैयारी की जा रही है।कैराना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### ऑपरेशन सवेरा के तहत पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई,दो गिरफ्तार

**कांधला।** मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शनिवार सुबह ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए दो महिलाओं को भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। वहीं, अन्य तस्करों की तलाश में भी पुलिस जुटी हुई है।नगर और क्षेत्र में लगातार बढ़ रही मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर पुलिस सतर्क है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और उप निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सलेमपुर मार्ग से बानो पुत्री रईस को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 110 ग्राम स्मैक बरामद हुई।दूसरी ओर पुलिस ने मोहल्ला खेल में छापेमारी कर रेशमा नाम की महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से 500 ग्राम चरस बरामद की गई। रेशमा नाम की महिला पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी में जेल जा चुकी है। बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर मादक पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। तस्करी में संलिप्त हर महिला और पुरुष के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# स्कूल बस ने कार-स्कूटी में मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी क्षेत्र के दिल्ली रोड पर शनिवार को एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने कार व स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं गनीमत रही की बड़ा हादसा होने से टल गया। इस हादसे में ट्रैफिक पुलिस कर्मी और कार में बैठा एक परिवार बाल बाल बच गया जबकि बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के समय बस में कोई बच्चा मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के माधवपुरम गेट दिल्ली रोड के पास हुई। परतापुर की ओर से आ रही द्रोण पब्लिक स्कूल की बस ने पहले एक स्कूटी को टक्कर मारी और रि अनियंत्रित होकर एक कार से जा टकराई, वहीं ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी श्रीकांत हादसे में बाल बाल बच गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

कार चालक मोहित वर्मा पुत्र सुंदरलाल निवासी शताब्दी नगर सेक्टर एक रहने वाला शनिवार को थाना सिविल लाइन क्षेत्र से एक

**हादसे में ट्रैफिक पुलिसकर्मी व एक परिवार बाल-बाल बचा**

परिवार को नोएडा लेकर जा रहा था जिसमें कार में सवार दो लोग घायल हुए हैं। मोहित ने बताया कि बस चालक नशे की हालत में था। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना ब्रह्मपुरी पुलिस और ट्रैफिक पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। बस थाना सरधना क्षेत्र के बिनोली मार्ग स्थित द्रोण पब्लिक स्कूल की बताई जा रही है। पुलिस फरार बस चालक की तलाश में जुट गई है। थाना ब्रह्मपुरी प्रभारी राजेश काम्बोज ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया और बस चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने अपनी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है, बस चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## डॉ. पंकज राणा ने शोभित विवि में किया रजिस्ट्रार का पदभार ग्रहण



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शनिवार को शोभित विश्वविद्यालय में वरिष्ठ प्रशासक डॉ. पंकज राणा ने रजिस्ट्रार के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी, वरिष्ठ निदेशक (एचआर) प्रो. देवेंद्र नारायण तथा विश्वविद्यालय के सभी निदेशकगण उपस्थित रहे। डॉ. राणा को उच्च शिक्षा क्षेत्र में 36 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है। वे इससे पूर्व विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में रजिस्ट्रार एवं परीक्षा नियंत्रक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनका स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# पिता की हत्या करने वाले कलयुगी पुत्र को जानी पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** गुरुवार की रात जानी थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धौलडी में बेटे ने अपने पिता को तीन गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था और फरार हो गया था जिसमें बताया गया कि 54 लाख रुपए की एजाज ने जमीन बेची थी। रकम को लेकर बड़े बेटे रियाज के बीच लंबे समय से विवाद चलता आ रहा था जहां वैसे भी बात के चलते बेटे ने पिता की हत्या कर दी जहां गांव में सनसनी फैल गई थी। हमलावर फरार हो चुका था। पुलिस की चार टीम आरोपी को पकड़ने में लगी थी। वहीं शुक्रवार की देर रात को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र सिवालखास चौकी, इंचार्ज नितिन कुमार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को रसूलपुर धौलडी रजवाहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से डेल 12 सी आर 2667 गाड़ी बरामद हुई और उसके पास से एक लाइसेंस पिस्टल दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुए पुलिस में आरोपी को थाने लेकर आई जहां उसने अपना जुर्म का बोला और उसने बताया कि उसके पिता उसको पैसे देने से मना कर रहे थे इसीलिए उसने यह कदम उठाया। आरोपी की पहचान रियाज पुत्र स्वर्गीय एजाज निवासी रसुलपुर धौलडी के रूप में हुई। आरोपी को चालान कर दिया। वहीं सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने जानी पुलिस की सराहना की।



# क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे ने पूरे देश को गहरे शोक में डाल दिया है। इस हृदयविदारक घटना में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में उत्तर प्रदेश कौशल विकास योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण शताक्षी कॉलेज चितवाना शेरपुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शताक्षी कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों और स्टाफ ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभा के दौरान सभी उपस्थित शिक्षक छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और ईश्वर से हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर गुरु अनमोल गर्ग ने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत दुखद और पीड़ा दायक है, जिसने कई परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि ऐसे कठिन समय में समाज को एकजुट होकर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना चाहिए और उन्हें हर संभव मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों छात्र-छात्राओं ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। साथ ही सभी ने संकल्प लिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा का समापन शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां उपस्थित सभी लोगों ने नम आंखों से दिवंगतों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।





# सुभारती के पत्रकारिता विभाग में सीनियर्स को दी गई विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों के सम्मान में एक भव्य एवं भावनात्मक फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और भावनाओं का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक गतिविधियों तथा सम्मान समारोह के माध्यम से अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता पाठ एवं विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। फेयरवेल समारोह में सीनियर छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय में बिताए गए यादगार पलों को भी साझा किया गया, जिससे माहौल भावुक हो उठा।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. ऋतेष चौधरी ने कहा कि विदाई अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत का प्रतीक



है। हमारे विद्यार्थी जिस समर्पण और प्रतिभा के साथ यहां से आगे बढ़ रहे हैं, वह विभाग और विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि वे मीडिया जगत में अपनी अलग पहचान बनाएंगे।

कार्यक्रम की संयोजक एवं विभाग में सहायक आचार्य डॉ. प्रीति सिंह ने कहा कि फेयरवेल केवल विदाई नहीं, बल्कि उन यादों का उत्सव है जो विद्यार्थियों ने यहां मिलकर बनाई हैं। यह अवसर जूनियर्स और सीनियर्स के बीच आत्मीयता और स्नेह को और मजबूत करता है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र चुनौतियों से भरा है, लेकिन हमारे विद्यार्थियों में प्रतिभा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता है। मुझे विश्वास है कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनेंगे।

सहायक प्रोफेसर डॉ. आशुतोष वर्मा ने कहा कि ह्यह विदाई समारोह विद्यार्थियों के बीच मजबूत संबंधों और टीम भावना का प्रतीक है। जीवन में आगे बढ़ते हुए इन्हीं मूल्यों को साथ लेकर चलना सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर बोलते हुए राम प्रकाश तिवारी, सहायक प्रोफेसर ने कहा कि विद्यार्थियों का यह उत्साह और रचनात्मकता दर्शाती है कि आने वाला समय उनका है। कल जो माटी के माधो आए थे आज वे परिपक्व व्यक्तित्व के रूप में यहां से अपनी पढ़ाई पूरी करके जा रहे हैं। हम सभी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल का भी चयन किया गया, जिसने समारोह को और आकर्षक बना दिया। अंत में सभी विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के साथ स्मृतियां साझा करते हुए समूह छायाचित्र लिए और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील सरधना में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** तहसील सरधना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 96 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। तहसील सरधना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त षिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने,



भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 96 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, एसपी देहात अभिजीत कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर, जिला विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिक. ारी, तहसील के अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटरों के विरोध में 4 मई को तहसील पर प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** स्मार्ट एवं प्रीपेड बिजली मीटरों से बढ़ते बिजली बिलों और उपभोक्ताओं की परेशानियों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (किसान क्रांति) ने आंदोलन का ऐलान किया है। संगठन की सरधना कार्यकारिणी 4 मई को तहसील सरधना पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपेगी तथा स्मार्ट मीटर व्यवस्था की जांच और प्रीपेड सिस्टम पर रोक लगाने की मांग करेगी।

भाकियू पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में कई गुना वृद्धि हुई है। जिन परिवारों का पहले 800 से 1000 रुपये तक बिल आता था, अब वही बिल 3000 से 5000 रुपये तक पहुंच रहा है। इससे किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। संगठन का कहना है कि प्रीपेड मीटर प्रणाली ने आम लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। बैलेंस समाप्त होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है, जिससे बच्चों

**भाकियू किसान क्रांति सौंपेगी ज्ञापन**

की पढ़ाई, कृषि कार्य और घरेलू दिनचर्या प्रभावित होती है। कई बार रिचार्ज के बावजूद बैलेंस अपडेट न होने से उपभोक्ताओं को घंटों बिजली के बिना रहना पड़ता है।

भाकियू ने यह भी आरोप लगाया कि कई मीटर बिना उपयोग के भी बैलेंस काट रहे हैं तथा तकनीकी खराबियों और नेटवर्क समस्याओं के कारण उपभोक्ताओं को विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और तकनीकी सहायता का अभाव स्थिति को और गंभीर बना रहा है। संगठन ने समस्त किसान, मजदूर, व्यापारी और युवाओं से 4 मई को सुबह 10 बजे तहसील सरधना पहुंचकर इस जनहित आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। भाकियू ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# लावड़ में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**लावड़।** कस्बे में हो रहे अतिक्रमण और जाम लगने की लगातार मिल रही शिकायत को संज्ञान में लेकर एएसपी बजरंग प्रसाद ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। शनिवार को एएसपी बजरंग प्रसाद और एसएस आई वीरेंद्र सिंह ने लावड़ चौकी इंचार्ज कुमार गौरव के साथ मिलकर अतिक्रमण अभियान चलाया और लोगों को जागरूक करके फुटपाथ की पीली लाइन से पीछे अपने वाहन और दुकान लगाने के लिए कहा। इस दौरान कई वाहनों की चेकिंग भी की और कई दुकान मालिकों को सख्त हिदायत दी और भविष्य में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की बात कही। इस दौरान एस आई शिवम माथुर, एसआई सुमित, शानू चंद्रा, का. नेहा शर्मा, का. शीतल प्रभा, का. शीतू कुमार आदि मौजूद रहे।

## डीएम एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पूरनपुर में सुनीं जनता की समस्याएं

**पूरनपुर।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव द्वारा तहसील पूरनपुर पर उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। आला अधिकारियों द्वारा शिकायतों/प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। भूमि-विवाद संबंधी प्राप्त शिकायतों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर जांचोपरान्त शिकायतों के निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शानदार 34 वर्ष का हुआ बेन- हर पब्लिक स्कूल का सफर

**धूमधाम से मनाया गया 34 वां स्थापना दिवस**

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** स्थित बेन -हर पब्लिक स्कूल की स्थापना सन् 1993 में रंजीत सैहमी और परविंदर सिंह सैहमी द्वारा की गई थी। अपने स्थापना काल से ही विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करता आ रहा है। इसी क्रम में विद्यालय का 34 वां स्थापना दिवस बड़े ही उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर परविंदर सिंह सैहमी, विद्यालय की प्रधानाचार्य करिश्मा सैहमी, मैनेजिंग ट्रस्टी गुरदित्त सिंह सैहमी, एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा, प्राइमरी हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा, जूनियर हेडमिस्ट्रेस नेहा पांडेय, सीनियर हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा, आईटी हेड विजया जायसवाल, एग्जामिनेश इंचार्ज मीतू शर्मा, द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को



विभिन्न श्रेणियों में विभाजित कर अनेक आकर्षक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रथम श्रेणी में कक्षा 1 से 2 तक के विद्यार्थियों की विशेष प्रस्तुति के रूप में 90 के दशक के वेशभूषा में बॉलीवुड सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने सभी का मन मोह लिया। द्वितीय श्रेणी में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने रेट्रो थीम पर उस दौर की झलक प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। तृतीय श्रेणी के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा समूह गान प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके साथ चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने 'जीवन का रिपोर्ट कार्ड,' 'अनुशासन' 'दया' तथा 'ईमानदारी' जैसे प्रेरणादायक विषयों पर आधारित नाटकों का प्रभावशाली मंचन किया, जिससे महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी दिए गए। इंटर हाउस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सब-जूनियर वर्ग (कक्षा प व प्प) में अरावली हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सतपुड़ा हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। हिमालया एवं विंध्या हाउस ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। सब-जूनियर वर्ग (कक्षा प्प्प से ट) में भी अरावली हाउस ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विंध्या हाउस द्वितीय तथा सतपुड़ा हाउस तृतीय स्थान पर रहा। जूनियर वर्ग (कक्षा VI से VIII) समूह गायन प्रतियोगिता में अरावली हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका मन मोह लिया, वहीं हिमालया हाउस द्वितीय एवं विंध्या हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग (कक्षा प्ग से ग्प्) नाटक प्रतियोगिता में हिमालया हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर अरावली हाउस रहा तथा तृतीय स्थान सतपुड्ा हाउस ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में एंकरिंग का संचालन एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा की देखरेख में अध्यापिका नैंसी गुप्ता, मुस्कान सैनी, मंजू दुलवानी तथा विद्यार्थी कल्चरल कैप्टन मुनाजा हबीब, हेड बॉय जसराज सिंह और हेड गर्ल सानिया पटेल द्वारा आत्मविश्वास के साथ किया गया, जो पूरे आयोजन का आकर्षण केंद्र रहा।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों में उनकी उत्कृष्ट तैयारी और अनुशासन साफ झलक रहा था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यार्थियों की तैयारी में अनु अग्रवाल, संस्कृति कश्यप, पूनम रानी,सुलभ आनंद,सरजीत कुमार, रैना त्रिपाठी, दीपक चौहान, गीता शर्मा, सौम्या गुप्ता, इरशाद, विक्की,साक्षी, अविरल, रश्मि सक्सैना, मोनिका अग्रवाल, शुभी, मीनाक्षी राना, शिवानी, संगीता शुक्ला, राज श्री ठाकुर आदि शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन और समर्पण ने प्रस्तुतियों को विशेष रूप से प्रभावशाली बनाया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के सहयोग से संभव हो पाया। स्थापना दिवस के इस आयोजन ने विद्यालय में उत्साह, एकता एवं प्रतिस्पर्धा की भावना को और भी प्रबल किया।

# यहां सूफी संतों की कब्रगाहों को नीलाम किया जाता है: इकबाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**इस्लामनगर (बदायूं)।** राष्ट्रीय परिवर्तन दल के पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने जिला अधिकारी से मांग करते हुए कहा है, कि नगर के बिसौली मार्ग स्थित शाह सदरूद्दीन रहमतुल्ला अल्लैह की दरगाह शरीफ पर 55 वां उर्स मेला 7 मई से लगने जा रहा है।

हर साल की तरह इस साल भी मेला कमेटी द्वारा दरगाह परिसर को नीलाम कर ठेकेदारों को ठेका देकर जायरीनों से चिरागी के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। जो कि यह गलत है तथा उन्होंने कहा कि जहां सूफी संतो की कब्रगाहो को मान्यता दी जाती है वही उर्स मेला कमेटी द्वारा दरगाह को नीलाम कर लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया जाता है। तथा मेला कमेटी द्वारा पार्किंग का ठेका अवैध रूप से दिया जाता है। जो कि पार्किंग बिसौली रोड की साइड पर बनाकर बाहन स्वामियों से अवैध रूप से वसूली की जाती है। तथा मेला कमेटी द्वारा हर साल की भांति इस बार भी मीना बाजार, झूलों, हलवा, पराठे, दंगल का ठेका देकर मोटी रकम वसूली जाती है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मेला कमेटी द्वारा आज तक दरगाह परिसर में कोई भी कार्य नहीं करवाया गया है तथा दरगाह परिसर में सारा कार्य नगर पंचायत प्रशासन द्वारा किया गया है। हर साल मेला कमेटी हजरत शाह सदरूद्दीन रहमतुल्ला अल्लैह की दरगाह पर उर्स मेले का आयोजन करा कर लाखों रुपये की वसूली कर हर साल नुकसान दिखाकर लाखों रुपये कमाकर चली जाती है।

# चेन्नई ने मुम्बई को 159 पर रोका

### नमन धीर ने शानदारफिफ्टी लगाई, अंशुल कम्बोज ने हासिल किए मुंबई के 3 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल में शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 160 रन का टारगेट सेट किया है। चेपाक स्टेडियम में मुंबई के कप्तान हार्दिक पंडया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर के बाद 7 विकेट पर 159 रन बना लिए हैं। नमन धीर ने 37 बाल पर 57 रन की पारी खेली। इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रायन रिकेल्टन ने 37 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से अंशुल कम्बोज ने 3 विकेट झटके। नूर अहमद को 2 विकेट मिले। रामख्रष्ण घोष और जैमी ओवर्टन को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर से 13 रन आए। अंशुल कम्बोज के ओवर में जैमी ओवर्टन ने छक्का लगाया। इससे पहले अंशुल ने हार्दिक पंड्या (18 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। हार्दिक पंड्या और कृष भगत की जोड़ी 19वें ओवर में महज 4 रन ही बना सकी। जैमी ओवर्टन ने इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं दी। 18वें ओवर की दूसरी बाल पर राबिन मिंज (5 रन) अंशुल कम्बोज की बाल पर बोल्ड हो गए। अंशुल को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने विल जैक्स (एक रन) को भी आउट किया। 17वें ओवर की 5वीं बाल पर मुंबई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 57 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवर्टन ने सरफराज खान के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर की 5वीं बाल पर तिलक वर्मा (5 रन) को नूर अहमद ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड के हाथों कैच कराया। नूर को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने रायन रिकेल्टन (37 रन) को भी पवेलियन भेजा। 12वें ओवर की पहली बाल पर शिवम दुबे से तिलक वर्मा का कैच ड्राप हो गया। कवर पर 33 यार्ड सर्कल के किनारे खड़े दुबे थोड़ा धीमे रहे। उन्हें आगे दौड़कर डाइव लगानी पड़ी और गेंद उनके हाथों में आधी वाली की तरह आकर लगी। शिवम ने दूसरा कैच ड्राप किया है। उन्होंने 7वें ओवर में नमन धीर का कैच भी ड्राप किया था। 11वें ओवर की चौथी बाल पर डेब्यू मैच खेल रहे रामख्रष्ण घोष ने सूर्यकुमार यादव (21 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 11वें ओवर में नमन धीर ने डेब्यू मैच खेल रहे रामकृष्ण घोष की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने शुरुआती दो बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 10वें ओवर में सूर्यकुमार यादव ने नूर अहमद की बाल पर लगातार दो बाउंड्री लगाई। उन्होंने दूसरी बाल पर चौका और तीसरी बाल पर छक्का लगाया।



मुम्बई इंडियंस के नमन धीर अपना जुझारू अर्द्धशतक पूरा करने के बाद दर्शको का अभिवादन करते।

## बुमराह व सूर्यकुमार मैच विजेता हैं, जल्दी करेंगे वापसी: जयवर्द्धने

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्दने का मानना है कि जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव मैच विजेता खिलाड़ी है और ए जल्द ही वापसी करेंगे। शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुम्बई इंडियंस के मैच से पहले प्रमुख कोच महेला जयवर्दने ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही।

जयवर्दने ने कहा कि वे दोनों मैच विजेता हैं और साथ-साथ इंसान भी हैं। वे ऐसे दौर से गुजरेंगे और उनके व्यक्तित्व की खासियत यह है कि वे वापसी करेंगे और लड़ेंगे। इसलिए हमारी बातचीत यही रहती है कि वे खुद पर ज्यादा दबाव न डालें। हम बस यही कहते हैं कि ऐसी चीजें होती हैं, हमें कोशिश जारी रखनी है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे स्वयं के प्रति बहुत ईमानदार हैं और जिस तरह वे कड़ा अभ्यास करते हैं, उनका वर्क एथिक शानदार है। इसलिए हम बस लगातार आगे बढ़ रहे हैं। यही चीज कई सालों से उनके लिए काम करती आई है और यही उनकी सफलता की वजह है। कभी-कभी नतीजे वैसे नहीं आते, जैसा वे चाहते हैं। अगर हमने बीच में कुछ मैच और जीते होते, तो हम अब भी वहां होते, जहां हमें होना चाहिए था। हमारा आत्मविश्वास भी ऊंचा होता और बाकी चीजें भी बेहतर होतीं। इसलिए अब हमारे लिए हर मैच लगभग प्लेऑफ जैसा है। ए खिलाड़ी इतने प्रोफेशनल हैं कि वे इसे समझते हैं और अब और भी अधिक लड़ने के लिए तैयार होंगे। एक कोच के तौर पर मैं उनसे बस इतना ही मांग सकता हूं।

### खेल विशेष

### आचार संहिता का उल्लंघन करने पर जैमीसन को चेतावनी

**जयपुर, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज काइल जैमीसन को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मैच नंबर 43 के दौरान, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए एक डिमेरिट पॉइंट मिला है और उन्हें चेतावनी दी गई है। जैमीसन को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसी भााा, हरकतें या हाव-भाव इस्तेमाल करने से संबंधित है, जो किसी दूसरे खिलाड़ी का अपमान करते हों या उससे कोई आक्रामक प्रतिक्रिया भड़का सकते हों। यह घटना पहली पारी के दूसरे ओवर में हुई, जब वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद, जैमीसन उनके बहुत करीब आ गए और आक्रामक तरीके से पेश आए।

### इंग्लिस 4 मई के मैच से पहले जुड़ेंगे टीम से

**लखनऊ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई जॉश इंग्लिस मुंबई आ गए है और चार मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। इंग्लिस ने निजी कारणों से इस सीजन में सीमित उपलब्धता का हवाला देते हुए पंजाब किंग्स से रिटेंशन लेने से मना करके विवाद खड़ा कर दिया था। इस फैसले पर पंजाब किंग्स के मालिकों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी को अनप्रोफेशनल कहा था। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें नीलामी में 8.6 करोड़ में खरीदा था। इंग्लिस ऐसे समय लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जुड रहे जब उनकी टीम आठ मैचों में से दो जीत के साथ टेबल में सबसे नीचे संघा कर रही है। इंग्लिस के आने से लखनऊ सुपर जायंट्स को मुम्बई के खिलाफ मुकाबले में मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### स्पेन वर्ल्ड कप वार्म-अप मैच में इराक से खेलेगा

**मैड्रिड, वार्ता।** स्पेन फुटबॉल फेडरेशन ने घोणा की है कि स्पेन वर्ल्ड कप फाइनल से पहले एक और वार्म-अप मैच खेलेगा, और इस बात की पुटि की है कि यह एक फ्रेंडली मैच इराक के खिलाफ होगा। यह मैच 4 जून को डेपोर्टिवो ला कोरुना के रियाजोर स्टेडियम में खेला जाएगा। मेक्सिको जाने से पहले स्पेन का यह आखिरी मैच होगा, मेक्सिको में वे पुएब्ला में होने वाले एक और तैयारी मैच में पेरू का सामना करेंगे। मौजूदा यूरोपीय चैंपियन इस गर्मी में होने वाले वर्ल्ड कप में पसंदीदा टीमों में से एक के तौर पर उतर रहा है। हालांकि, मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते को चोटों से जुड़ी कई चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वे 24 मई को ला लीगा सीजन खत्म होने के बाद अपनी टीम की घोणा करने की तैयारी कर रहे हैं। बार्सिलोना के फॉरवर्ड लामिन यामल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाकी घरेलू सीजन से बाहर हो गए हैं।

## राहुल ने आरआर के खिलाफ 75 रन बनाकर किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**जयपुर, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के धाकड़ बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 75 रनों की पारी खेल कर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इस सीजन में तीन बार सिगल डिजिट किए हैं और एक बार 18 रन बनाए। लेकिन अपनी शो पांच पारियों में 92, 57, 37, नाबाद 152 और शुक्रवार को आआर के खिलाफ 75 रन बनाए। इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल रन 433 हो गए हैं और वह रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा पर पहुंच गए हैं।

आरआर के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 400 7 रन उनसे आगे निकल सकते थे लेकिन वह मात्र चार रन बना सके और अब चौथे स्थान पर हैं। उनके और राहुल के बीच सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज अभिोक शर्मा (425 रन) और हाइनरिक क्लासन (414 रन) मौजूद हैं।

इस मामले में यशस्वी जायसवाल 312 रनों के साथ दसवें स्थान पर हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली, गुजरात टाइटंस (जीटी) के शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन, एसआरएच के इशान किशन, और पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह शीर्ा दस की सूची के अन्य बल्लेबाजों में शामिल हैं।



## पंजाब टॉप स्पॉट पर अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से उतरेगा

**अहमदाबाद, वाता।** पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गई है, जहां अब बड़े से बड़े टारगेट भी उन्हें रोकने के लिए काफी नहीं लगते। रविवार रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स का सामना करने की तैयारी करते हुए, पंजाब किंग्स टूर्नामेंट की सबसे निडर चेज करने वाली टीम के तौर पर अपनी साख बनाए हुए है,

एक ऐसी टीम जो 220 से ज्यादा के स्कोर को भी आसानी से चेज करने लायक बना सकती है। यह साख सिर्फ हवा-हवाई बातों से नहीं बनी है। इसे लगातार बेहत. रीन बैटिंग परफॉर्मेंस से बनाया गया है, जिसकी सबसे बड़ी मिसाल इस सीजन की शुरुआत में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब का 265 रनों का रिकॉर्ड-तोड़ चेज है। एक ऐसे फॉर्मेट में जहां कभी 200 रनों के स्कोर को छूना भी नामुमकिन माना जाता था, पंजाब किंग्स ने 'स्कोरबोर्ड प्रेशर' की परिभााा ही बदल दी है। उनकी बैटिंग की सोच ने पूरी लीग में मैचों का रुख ही बदल दिया है। अब विरोधी टीमें बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद जश्न नहीं मनातीं। इसके बजाय, गेंदबाजी करने वाली टीमें दूसरी पारी में इस बात से पूरी तरह वाकिफ होकर उतरती हैं कि पंजाब का एक जोरदार पावरप्ले मैच का समीकरण पल भर में बदल सकता है। पंजाब के इस अभियान में उनका यही आत्मविश्वास साफ झलकता है। वे आठ मैचों में छह जीत और एक 'नो-रिजल्ट' के साथ पॉइंट टेबल में सबसे ऊपर आराम से बैठे हैं, और उनकी ज्यादातर जीतें चेज करते हुए ही मिली हैं। इनमें से कई जीतें तो मैच खत्म होने से काफी ओवर पहले ही हासिल कर ली गईं, जो इस बात का सबूत है कि वे कितनी तेज रफ्तार से रन बना रहे हैं। प्रभसिमरन सिंह इस आक्रामक अंदाज का चेहरा बन गए हैं।



## SRH की धाकड़ बल्लेबाजी के सामने केकेआर अस्तित्व की लड़ाई लड़ेगी

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग का नया इम्तिहान तब होगा, जब वे रविवार को यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2026 के दिन के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की मेजबानी करेंगे। इस मैच में सबकी नजर इस बात पर होगी कि क्या केकेआर टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट को रोक पाएगी।

एसआरएच लगातार पांच मैच जीतकर जबरदस्त लय में है। यह उनके शुरुआती लड़खड़ाते प्रदर्शन के बाद एक शानदार वापसी है, जिसमें उन्होंने अपने शुरुआती चार में से तीन मैच गंवा दिए थे। तब से हैदराबाद की यह फ्रेंचाइजी आईपीएल की सबसे खौफनाक बैटिंग टीम बन गई है, जो टॉप ऑर्डर में लगातार आक्रामक खेल और मिडिल ऑर्डर में गहराई के दम पर अपने विरोधियों पर हावी हो रही है। उनकी ताजा मिसाल मुंबई इंडियंस के खिलाफ देखने को मिली, जब उन्होंने सिर्फ 18.4 ओवर में 244 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रदर्शन ने इस बढ़ती धारणा को और मजबूत किया है कि एसआरएच नियमित रूप से रिकॉर्ड तोड़ने वाले स्कोर बनाने में सक्षम है। उनके हालिया पावरप्ले के आंकड़े इस दबदबे को साफ दिखाते हैं, पिछले तीन मैचों में बिना कोई विकेट गंवाए 92 रन, एक विकेट पर 89 रन और बिना कोई विकेट गंवाए 67 रन। ट्रैविस हेड और अभिोक शर्मा इस बदलाव के पीछे की मुख्य ताकत बन गए हैं। हेड ने पिछले मैच में 30 गेंदों पर ताबड़तोड़ 76 रन बनाकर अपनी पुरानी लय हासिल कर ली, जबकि अभिोक 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 425 रन बनाकर इस सीजन के सबसे बेहत. रीन बल्लेबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। यह आक्रामकता यहीं खत्म नहीं होती। हेनरिक क्लासेन ने पारी को संभालने और उसे मजबूती से खत्म करने का सिलसिला जारी रखा है।



## लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाने के लिए जडेजा को फरेरा से ऊपर भेजा गया: पराग

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आर) के कप्तान रियान पराग ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाने और साथ ही फिनिशर्स के लिए आधार तैयार करने के लिए रवींद्र जडेजा को डोनोवन फरेरा से ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। शुक्रवार रात खेले गए इस मुक. ाबले में रवींद्र जडेजा को डोनोवन फरेरा से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजने जाने के सवाल पर पराग ने कहा कि असल में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन भी एक वजह थी।

करीब आठ-नौ ओवर बचे थे और हम फरेरा की एंट्री थोड़ी देर से कराना चाहते थे। हम स्पिनर्स के खिलाफ लगभग आठ-नौ रन प्रति ओवर लेते रहना चाहते थे, फिर जैसे ही तेज गेंदबाज, गेंदबाज करने आते, पहली गेंद से हमला करना चाहते थे। हमारी यही योजना थी।

जब 12वें ओवर में ध्रुव जुरेल आउट हुए, आरआर का स्कोर तीन विकेट पर 114 रन था। जाडेजा ने 14 गेंदों में 20 रन की पारी खेली और पराग के साथ 53 रन की साझेदारी बनाई। इसके बाद फरेरा की 14 गेंदों में 47 रन की तेज पारी ने आखिरी पांच ओवरों में टीम को 78 रन जोड़ने में मदद की और आआर का स्कोर 225 रन पहंच गया। अन्य सवाल पर पराग ने कहा कि मुझे लगता है कि यह अच्छा स्कोर था। सच कहूं तो मुझे लगा 200 के आसपास पार स्कोर था। विकेट थोड़ा धीमा होने वाला था।



## युवा सनसनी इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई में शनिवार को हुई पहली टी-20 मुंबई महिला लीग नीलामी में टीनएजर इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी के तौर पर उभरीं। उन्हें आकाश टाइगर्स ने 10 लाख रुपये में खरीदा। इसके साथ ही मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने शहर में महिला क्रिकेट के एक नए दौर की शुरुआत की। नीलामी में टीमों के बीच जोरदार बोली लगी, क्योंकि फेंचाइजियों ने आने वाले पहले सीजन के लिए अपनी टीमें तय कीं।

कुल 363 खिलाड़ियों की बोली लगी, जिसमें टीमों ने युवा खिलाड़ियों और घरेलू क्रिकेट के अनुभवी खिलाड़ियों के सही तालमेल पर जोर दिया। फ्रेंच. इजियों ने नीलामी में कुल 1.47 करोड़ रुपये खर्च किए और 50 खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। इरा, जिन्होंने पिछले साल अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर सबका ध्यान खींचा था, इस नीलामी की सबसे खास खिलाड़ी रहीं। इससे यह भी पता चलता है कि यह लीग उभरती हुई प्रतिभाओं को एक मंच देने पर कितना जोर दे रही है। इससे पहले, एमसीए ने 'आइकन प्लेयर्स' के नामों की घोणा की थी। इनमें सायली सतघरे (सोबो मुंबई फाल्कन्स), साइमा ठाकुर (ठाणे स्काई राइजर्स) और हुमैरा काजी (आकाश टाइगर्स) अपनी-अपनी टीमों की मुख्य खिलाड़ी बनीं। अन्य अहम खिलाड़ियों में, भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की उप-कप्तान सानिका चालके को आकाश टाइगर्स ने 5-50 लाख रुपये में खरीदा। ठाणे स्काई राइजर्स ने व द्धााली भगत (6 लाख), खुशी भाटिया (4.50 लाख) और जील डीमेलो (4.50 लाख) जैसी अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। वहीं, सोबो मुंबई फाल्कन्स ने सिमरन शेख (7 लाख), हर्ली गाला (5 लाख) और रिया चौधरी (5.50 लाख) जैसी खिलाड़ियों के साथ एक मजबूत टीम तैयार की। आकाश टाइगर्स ने फातिमा जाफर (4.25 लाख), मिताली म्हात्रे (2.75 लाख) और जिया मंद्रावड़कर (1.50 लाख) को टीम में शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत बनाया। टी-20 मुंबई महिला लीग का मकसद शहर में महिला क्रिकेट के ढांचे को मजबूत बनाना है।

## मैड्रिड ओपन के ब्लॉकबस्टर फाइनल में सिनर से भिड़ेंगे ज्वेरेव

**मैड्रिड, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर के साथ एक और बड़े मुकाबले के लिए तैयार हैं। जर्मन खिलाड़ी ने शुक्रवार रात 21 साल के बेल्जियम के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉक्स के खिलाफ 6-2, 7-5 से शांत और संयमित जीत के साथ मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, और इस टूर्नामेंट में अपने शानदार रिकॉर्ड को बनाए रखा।

स्पेन की राजधानी में अपनी 30वीं जीत के साथ, ज्वेरेव रोजर फेडरर और राफेल नडाल के बाद तीसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जो मैड्रिड में चार बार फाइनल में पहुंचे हैं। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा कि मैं फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। बहुत सारे कड़े मुक. ाबले हुए, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में। मैं जानिक के साथ फिर से खेलने का इंतजार कर रहा हूं और एक कड़े मैच की उम्मीद कर रहा हूं। रविवार को जो बेहतर खेलेगा, वही जीतेगा। दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने क्वार्टर-फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को सिर्फ पांच गेम गंवाकर हराया था और उसी लय को अपने अगले मुकाबले में भी जारी रखा। यह मुकाबला पहली बार मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचे ब्लॉक्स के साथ था, जिन्होंने अप्रैल से पहले टूर-स्तर पर क्ले-कोर्ट पर कोई मैच नहीं जीता था।

शुरुआत से ही, ज्वेरेव ने अपना दबदबा बना लिया। दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने जोश भरे माहौल में ब्लॉक्स के खिलाफ जोरदार शॉट लगाए, और साथ ही लंबे समय तक चलने वाली रैलियों में भी वह ज्यादा निरंतरता दिखाने वाले खिलाड़ी साबित हुए। एक घंटा 35 मिनट के बाद, सात बार के मास्टर्स 1000 चैंपियन ने इस सीजन का अपना पहला फाइनल पक्का कर लिया और सिनर के साथ एक जानी-पहचानी भिड़ंत तय कर ली। रविवार का यह मुकाबला ज्वेरेव और सिनर के बीच लगातार पांचवीं मास्टर्स 1000 भिड़ंत है।





नागपुर। महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड एचएससी कक्षा 12 के परिणाम घोषित होने के बाद जश्न मनाते छात्र।

## अमेरिका नए प्रस्ताव मानता है, तो ईरान पाक में बातचीत को तैयार

**वॉशिंगटन।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका उसका नया प्रस्ताव मानने को तैयार है तो वह अगले हफ्ते की शुरुआत में पाकिस्तान में बातचीत करने के लिए तैयार है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अमेरिका हमले रोकने और ईरानी तटों की नाकाबंदी हटाने की गारंटी देता है, तो तेहरान होर्मुज जलमार्ग खोलने के लिए अपनी शर्तों पर बात करने की पेशकश कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रस्ताव में अमेरिका के प्रतिबंध में ढील के बदले ईरानी परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मामलों पर बात करने का प्रस्ताव है।

# ईरान के बाद क्यूबा पर 'तत्काल कब्जे' की तैयारी

## ट्रम्प ने दिए संकेत, अमेरिका इस कैरेबियाई देश की और भेज सकता है अपने बेड़े

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा पर 'तत्काल कब्जा' करने की घोषणा करते हुए संकेत दिया कि 'ईरान के साथ मिशन पूरा होने' के बाद अमेरिका इस कैरेबियाई राष्ट्र की ओर अपने नौसैनिक बेड़े भेज सकता है।

ट्रम्प ने ये टिप्पणियां फ्लोरिडा में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कीं। इससे पहले उन्होंने क्यूबा सरकार और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंधों का विस्तार करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की हंसी के बीच कहा कि क्यूबा नामक एक स्थान है, जिस पर हम लगभग तुरंत नियंत्रण कर लेंगे। क्यूबा की अपनी समस्याएं हैं। पहले हम एक काम खत्म करेंगे--- मुझे पहले एक काम पूरा करना पसंद है। उन्होंने अपनी पुरानी बातों को दोहराते हुए कहा कि क्यूबा के खिलाफ कोई भी कार्रवाई ईरान के साथ जारी अमेरिका-इजरायल युद्ध के बाद की जा



■ हंसी के बीच कहा: क्यूबा नामक एक स्थान है, जिस पर हम लगभग तुरंत नियंत्रण कर लेंगे

सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि अमेरिका द्वीप राष्ट्र (क्यूबा) के पास अपना एक विमानवाहक पोत तैनात कर सकता है।

उन्होंने कहा कि ईरान से वापसी के रास्ते में, हमारे पास अपने बड़े विमानवाहक पोतों में से एक होगा। शायद 'यूएसएस अब्राहम लिंकन', जो दुनिया में सबसे बड़ा है। हम उसे वहां भेजेंगे, जो तट से महज 100 गज की दूरी पर रुकेगा। वे (क्यूबावासी) कहेंगे, 'आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हम आत्मसमर्पण करते हैं। मुझे काम पूरा करना पसंद है। इस बीच, व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक विस्त ऋत विवरण (फैक्ट शीट) में कहा गया है कि नए प्रतिबंधों का उद्देश्य कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन, शत्रुतापूर्ण ताकतों को समर्थन, आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता के लिए क्यूबा सरकार और उसके समर्थकों को जवाबदेह ठहराना है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि क्यूबा सरकार की नीतियां और कार्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक असामान्य और असाधारण खतरा बने हुए हैं। ये नीतियां स्वतंत्र और लोकतांत्रिक समाजों के नैतिक और राजनीतिक मूल्यों के भी विरुद्ध हैं। ये प्रतिबंध क्यूबा के सुरक्षा तंत्र से जुड़े व्यक्तियों, संस्थाओं और भ्रष्टाचार या गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन में शामिल लोगों को लक्षित करते हैं। दूसरी ओर, क्यूबा सरकार ने इन प्रतिबंधों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें 'एकतरफा दमनकारी उपाय' बताया है, जिसका उद्देश्य क्यूबा के लोगों को सामूहिक सजा देना है। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिग्ज ने कहा कि ये उपाय संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं और अमेरिका को क्यूबा या किसी तीसरे देश पर प्रतिबंध लगाने का कोई अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि इसी सप्ताह मेक्सिको, स्पेन और ब्राजील ने भी क्यूबा की 'गंभीर स्थिति' और वहां गहराते मानवीय संकट पर चिंता व्यक्त की थी। वहीं, अमेरिकी सीनेट ने उस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया है, जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्प को कांग्रेस की पूर्व स्वीकृति के बिना क्यूबा के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने से रोकने का प्रावधान था।

# ईरान-अमेरिका के बीच फिर छिड़ सकता है युद्ध

## तेहरान ने अमेरिका पर समझौतों के उल्लंघन का लगाया आरोप, सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई

**तेहरान।** ईरान के सैन्य मुख्यालय ने चेतावनी जारी की है कि ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध फिर से शुरू होने की 'प्रबल आशंका' है। मुख्यालय ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका किसी भी समझौते या संधि के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है।

ईरानी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, यदि युद्ध दोबारा शुरू होता है, तो उसका कड़ा जवाब देने के लिए सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 'खातम अल-अंबिया' केन्द्रीय मुख्यालय के उप प्रमुख मोहम्मद जाफर असदी ने 'फारस न्यूज एजेंसी' द्वारा जारी एक बयान में कहा कि हालिया अमेरिकी कार्रवाइयां और बयान राजनयिक समझ की कमी और समझौतों के प्रति उनकी अनिच्छा को दर्शाते हैं। असदी ने कहा कि ईरान की सेना किसी भी संभावित तनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रणनीतिक आकलन बताते हैं कि अमेरिका के कदमों के कारण आने वाले समय में तनाव और बढ़ सकता है। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने इस्लामाबाद में हुई पहले दौर की वार्ता और उसके बाद युद्धविराम चर्चाओं के दौरान पर्याप्त लचीलापन दिखाया था, लेकिन अमेरिका ने इसके बदले सकारात्मक रुख नहीं अपनाया। ईरान का



■ ईरानी सैन्य अधिकारियों ने कहा: यदि युद्ध दोबारा शुरू होता है, तो उसका कड़ा जवाब देने के लिए सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई हैं

आरोप है कि जब भी उसने अपना रुख नरम किया, अमेरिका ने दबाव और आक्रामक मांगें बढ़ा दीं। अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया जिसमें नाकेबंदी हटाने के प्रावधानों सहित कुछ अन्य रियायतें शामिल थीं। ईरानी पक्ष का कहना है कि परमाणु मामले जैसे अन्य बड़े मुद्दों पर चर्चा करने से पहले होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति और प्रतिबंधों में राहत जैसे विषयों पर बात होनी चाहिए। अधिकारियों ने अमेरिकी रुख की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन वार्ता नहीं, बल्कि 'आत्मसमर्पण' चाहता है, जो ईरान को कतई स्वीकार्य नहीं है। दूसरी ओर, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना कड़ा रुख बरकरार रखा है। ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम के दौरान ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को 'अस्वीकार्य' बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया, इजरायल और यूरोप की सुरक्षा के लिए ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ट्रंप ने कहा कि हमने अभी ईरान के साथ बातचीत की है, देखते हैं क्या होता है। लेकिन मैं खुश नहीं हूं। वे ऐसी चीजें मांग रहे हैं जिनसे मैं सहमत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमारे पास विकल्प मौजूद हैं। या तो आप उन पर हमला करके उन्हें हमेशा के लिए खत्म कर दें, या समझौता करने की कोशिश करें। मानवीय आधार पर मैं सैन्य हमले के बजाय समझौते को प्राथमिकता दूंगा, लेकिन सैन्य विकल्प अभी भी मेज पर है। ट्रंप ने ईरान के भीतर नेतृत्व के स्तर पर मतभेदों को प्रगति में बाधा बताया और कहा कि ईरानी सैन्य नेतृत्व पूरी तरह भ्रमित और बिखरा हुआ है। उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि अभी हमारी बातचीत चल रही है। लेकिन बात बन नहीं पा रही है, यह बहुत ही बिखरी हुई है। बेहद बिखरी हुई। वे नेता के तौर पर एक-दूसरे के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि नेता कौन है। इस बीच, संवर्धित यूरेनियम को लेकर भी विवाद बना हुआ है। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना यूरेनियम उसे सौंप दे, जबकि रूस और चीन ने इसे अपने पास रखने की पेशकश की है।

## अमेरिका ने ईरान के तेल व्यापार से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क पर लगाए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम निर्यात नेटवर्क के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। अमेरिका ने उन कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों को लक्षित करते हुए नए प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिन पर देश के अवैध तेल व्यापार को सुगम बनाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इस व्यापार से प्राप्त धन का उपयोग क्षेत्रीय गतिविधियों को अस्थिर करने और आतंकवाद के लिए किया जा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि इन ताजा उपायों का मुख्य उद्देश्य प्रतिबंधित ईरानी कच्चे तेल की आवाजाही के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले जटिल बचने की प्रणालियों को बाधित करना है। इसमें एक जहाज से दूसरे जहाज में तेल का स्थानांतरण और तथाकथित 'डार्क फ्लीट' ऑपरेशन शामिल हैं, जो कार्गो के स्रोत और गंतव्य को छिपाते हैं। अमेरिकी सरकार ने कहा कि ये उपाय ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इसके तहत ईरान की ऊर्जा निर्यात जीवनरेखा और उसे समर्थन देने वाले अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्कों को निशाना बनाया जा रहा है। विदेश विभाग ने कहा कि जब तक ईरान अपनी अस्थिर करने वाली गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए तेल राजस्व उत्पन्न करने का प्रयास करेगा, तब तक अमेरिका ईरान और उसके प्रतिबंधों से बचने वाले भागीदारों, दोनों को जवाबदेह ठहराना जारी रखेगा। अधिकारियों ने यह भी दोहराया कि प्रतिबंधों का उद्देश्य स्थायी सजा देना नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव लाना है।

# अमेरिका ने इजरायल कतर को वायु रक्षा प्रणाली की ब्रिकी को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने दो प्रमुख साझेदारों इजरायल और कतर को बड़े रक्षा पैकेज की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इजरायल को लगभग 99.24 करोड़ डॉलर मूल्य की 10,000 एडवांस्ड प्रिसिजन किल वेपन सिस्टम्स (एपीकेडब्ल्यूएस) और कतर को 4.01 अरब डॉलर के पैट्रियट एयर एंड मिसाइल डिफेंस पैकेज की अनुमति दी है।

■ यह सौदा लगभग 99.24 करोड़ डॉलर का है

अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इजरायल को प्रस्तावित सौदे के तहत 10000 एपीकेडब्ल्यूएस और उससे संबंधित सैन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। यह सौदा लगभग 99.24 करोड़ डॉलर का है। एपीकेडब्ल्यूएस एक लेजर-गाइडेड प्रिसिजन सिस्टम है, जिसे पारंपरिक रॉकेटों को अधिक सटीक हमला क्षमता देने के लिए विकसित किया गया है। इसे कम लागत वाले लेकिन उच्च-सटीकता वाले हथियार विकल्प के रूप में देखा जाता है, जो ड्रोन, हल्के सैन्य वाहनों और सीमित दायरे के लक्ष्यों के खिलाफ प्रभावी माना जाता है। दूसरी ओर, कतर को प्रस्तावित रक्षा पैकेज में कुल 500 पैट्रियट मिसाइलें शामिल हैं, जिनमें 200 पीएसी-2 मार्गदर्शन संवर्धित मिसाइल-सामरिक और 300 पीएसी-3 मिसाइल खंड संवर्धन मिसाइलें शामिल हैं। पीएसी-2 और पीएसी-3 दोनों पैट्रियट प्रणाली के उन्नत संस्करण हैं, जिनका उपयोग बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और हवाई खतरों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। विशेष रूप से पीएसी-3 को आधुनिक मिसाइल इंटरसेप्शन क्षमता के लिए अधिक उन्नत माना जाता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह बिक्री कतर की वायु सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगी और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाएगी। यह रक्षा मंजूरी ऐसे समय आई है जब पश्चिम एशिया पहले से ही गंभीर सैन्य तनाव के दौर से गुजर रहा है।

# ईरान के साथ समझौता न हो तो बेहतर: ट्रम्प

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता न हो तो वही अमेरिका के लिए बेहतर होगा। ट्रम्प ने शुक्रवार शाम यहां एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए संकेत दिया कि यदि वार्ता अमेरिका की शर्तों के अनुरूप नहीं होती, तो समझौता न होना भी बेहतर हो सकता है।

उन्होंने कहा कि साफ कहूं तो शायद बिना किसी समझौते के हम बेहतर स्थिति में हों। सच जानना चाहते हैं? क्योंकि हम इसे ऐसे ही जारी नहीं रहने दे सकते। यह बहुत लंबे समय से चल रहा है। इससे पूर्व, ट्रम्प ने फ्लोरिडा रवाना होने से पहले मीडिया से कहा था कि संघर्ष समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के नवीनतम प्रस्ताव से वह संतुष्ट नहीं हैं। कार्यक्रम में उन्होंने दोहराया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कोई

■ साफ कहूं तो शायद बिना किसी समझौते के हम बेहतर स्थिति में हों: ट्रम्प

समझौता होगा या नहीं, लेकिन यदि बातचीत विफल रही तो अमेरिका कठोर सैन्य कदम उठा सकता है। ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखते हैं क्या होता है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि वार्ता असफल रही, तो वह ईरान को उड़ा देंगे। ईरानी कार्गो जहाज की हालिया जब्ती का उल्लेख करते हुए ट्रम्प ने अमेरिकी कार्रवाई का वर्णन असामान्य अंदाज में किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने जहाज को रोका, फिर टगबोट्स की मदद से नियंत्रण में लिया और उस पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि जहाज रुक गया।

## अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन की वैश्विक कार्बन कर योजना का विरोध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सहयोगी समुद्री देशों के गठबंधन के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन द्वारा प्रस्तावित नेट-जीरो फ्रेमवर्क का विरोध किया है। उसने तर्क दिया है कि यह एक वैश्विक कार्बन टैक्स के रूप में कार्य करेगा जो अमेरिकी उपभोक्ताओं, जहाजरानी उद्योगों और व्यापक आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। आईएमओ समुद्री पर्यावरण संरक्षण समिति के 84वें सत्र में अमेरिका फर्स्ट नीतिगत दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे अमेरिकी राजनयिकों ने विवादित एनजेडएफ संरचना को अपनाने के बजाय वैकल्पिक प्रस्तावों पर चर्चा करने पर बल दिया। अमेरिका ने एनजेडएफ को दृढ़ता से खारिज कर दिया, इसे एक त्रुटिपूर्ण प्रस्ताव बताया जो वैश्विक नौवहन एवं ऊर्जा क्षेत्रों पर अत्यधिक लागत थोपेगा।

# जर्मनी से नाराज ट्रम्प ने 5000 सैनिक वापस बुलाए

## जर्मन चांसलर ने कहा था: ईरान ने अमेरिका की बेइज्जती की, अमेरिका की प्लानिंग भी बेकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जर्मनी से करीब 5000 सैनिक हटाने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह प्रक्रिया अगले 6 से 12 महीनों में पूरी होगी। यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया है। मर्ज ने पिछले महीने एक कार्यक्रम में कहा था कि अमेरिका के पास कोई अच्छी प्लानिंग नहीं है।

उसे पता ही नहीं है कि वह इस जंग से बाहर कैसे निकलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत को टालने में माहिर है और अमेरिका को बिना नतीजे के इस्लामाबाद तक आना-जाना पड़ा। इससे अमेरिका को ईरान के सामने अपमानित होना पड़ा। इससे ट्रम्प नाराज हो गए थे। उन्होंने मर्ज को लेकर कहा कि वे बहुत खराब काम कर रहे हैं। उनको लगता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना अच्छी बात है। उन्हें हकीकत की समझ नहीं है। मुताबिक दिसम्बर तक



■ यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया

जर्मनी में 36,000 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक तैनात थे। यह संख्या जापान के बाद दूसरी सबसे बड़ी तैनाती है, जहां करीब 55,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। इसके अलावा इटली में करीब 12,000 और ब्रिटेन में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। जर्मनी में अमेरिकी सैन्य ठिकाने लंबे समय से यूरोप में अमेरिका की रणनीतिक मौजूदगी का अहम हिस्सा रहे हैं। हालांकि, अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच ईरान को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है। यूरोपीय देशों ने ईरान जंग में ट्रम्प का साथ देने के लिए कई बार इन्कार किया है। जिसके बाद ट्रम्प आरोप लगाते आए है कि यूरोपीय देश केवल कागजी शेर है क्योंकि समय पर वह कभी काम नहीं आते। इसी बीच ट्रम्प ने इटली और स्पेन से भी सैनिक हटाने का संकेत दिया है। उनका कहना है कि ये देश ईरान के खिलाफ अमेरिका का साथ नहीं दे रहे हैं, जिससे नाटो के भीतर मतभेद बढ़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इससे पहले भी जर्मनी से सैनिक हटाने की बात कर चुके हैं। तब उन्होंने जर्मनी को दिवालिया कहा था क्योंकि वह नाटो के तय 2 प्रतिशत रक्षा खर्च लक्ष्य से पीछे था। तब उन्होंने 12,000 सैनिकों को हटाने की योजना बनाई थी, लेकिन अमेरिकी संसद के विरोध और लाजिस्टिक दिक्कतों के कारण यह लागू नहीं हो पाई। बाद में राष्ट्रपति जो बाइडन ने 2021 में इस योजना को रोक दिया और फिर रद्द कर दिया। पिछले साल अमेरिका ने रोमानिया में भी अपने सैनिकों की संख्या कम करने का फैसला लिया था। दरअसल, ट्रम्प अमेरिकी सैनिकों को यूरोप से हटाकर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शिफ्ट करना चाहते हैं ताकि चीन के खतरों से निपटा जा सके। जर्मनी में 36000 इटली में 12,000 और ब्रिटेन में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। जर्मनी में अमेरिकी सेना की मौजूदगी 1945 से शुरू हुई, जब नाजी जर्मनी की हार के बाद अमेरिका ने वहां कब्जा कर लिया था। दूसरे विश्व युद्ध के तुरंत बाद वहां करीब 16 लाख अमेरिकी सैनिक तैनात थे, हालांकि 1 साल के बाद वहां 3 लाख सैनिक रह गए।

# ईरान के खिलाफ युद्ध खत्म हो चुका है

## 60 दिन की समय सीमा पूरी होने पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने संसद को दी जानकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संसद को बताया है कि ईरान के खिलाफ चल रहा युद्ध खत्म हो गया है। ट्रम्प ने ईरान युद्ध की 60 दिन की कानूनी समयसीमा खत्म होने के बाद सांसदों को यह जानकारी दी।

पालिटिको के अनुसार, ट्रम्प ने सांसदों को लिखे एक पत्र में कहा कि 7 अप्रैल 2026 के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच कोई गोलीबारी नहीं हुई है। उन्होंने आगे कहा कि 28 फरवरी 2026 को शुरू हुई शत्रुता अब समाप्त हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम ईरान युद्ध को जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत के विवाद को शांत करने की कोशिश माना जा रहा है। अमेरिका में 1973 में पारित श्वार पावर्स रिजोल्यूशन के तहत राष्ट्रपति को सैन्य कार्रवाई की सूचना कांग्रेस को देने के बाद 60 दिनों के भीतर उसे समाप्त करना होता है, जब तक कि कांग्रेस आगे की कार्रवाई को मंजूरी न दे। अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था। ट्रम्प प्रशासन ने 2 मार्च को औपचारिक रूप से कांग्रेस को इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद 60 दिन की समयसीमा 1 मई को समाप्त हो गई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने भले ही 1 मई को सांसदों को दी जानकारी में ईरान युद्ध समाप्त होने की बात कही है, लेकिन अभी भी इसे लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि वह ईरान के मौजूदा प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं हैं, हालांकि कूटनीति और सैन्य कार्रवाई दोनों विकल्प खुले हैं। पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखना होगा कि आगे क्या होता है। उन्होंने ईरान के नेतृत्व को बिखरा हुआ बताया और कहा कि इसी वजह से सहमति नहीं बन पा रही है। ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन वे पूरी तरह उलझे हुए हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरानी नेतृत्व काफी असंगठित है और अंदरूनी मतभेदों से घिरा हुआ है। ट्रम्प के मुताबिक, आंतरिक मतभेदों के कारण तेहरान की बातचीत की स्थिति कमजोर हो रही है।

## एडमिरल त्रिपाठी म्यांमार यात्रा पर समुद्री सहयोग बढ़ाने पर करेंगे बात

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी शनिवार से चार दिन की म्यांमार यात्रा पर हैं जहां वह रक्षा मंत्री सहित वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ने पर चर्चा करेंगे। नौसेना ने बताया है कि एडमिरल त्रिपाठी आज से 5 मई तक म्यांमार की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

इस दौरान वह म्यांमार सशस्त्र बलों के कमांडर- इन- चीफ जनरल ए विन ऊ, म्यांमार के रक्षा मंत्री जनरल यू हटुन आंग और म्यांमार नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल हेटिन विन के साथ-साथ म्यांमार सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन वार्ताओं से द्विपक्षीय समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन स्तर पर संबंधों को मजबूत करने और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने का अवसर मिलेगा। उनकी यात्रा के कार्यक्रम में म्यांमार नौसेना की केंद्रीय नौसेना कमान, नौसेना प्रशिक्षण कमान और प्रथम बेड़े में कार्यक्रम और म्यांमार सशस्त्र बलों के शहीद नायकों के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करना शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में रक्षा सहयोग से संबंधित कई विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें समुद्री सुरक्षा, क्षमता विकास, क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारतीय नौसेना रक्षा सहयोग बैठकों, स्टाफ वार्ताओं, प्रशिक्षण आदान-प्रदान और भारत-म्यांमार नौसेना अभ्यास , भारत-म्यांमार समन्वित गश्त , बंदरगाह के दौरों और जल सर्वेक्षणों सहित परिचालन संबंधी गतिविधियों के माध्यम से म्यांमार नौसेना के साथ नियमित रूप से संपर्क में रहती है।

## पुलवामा में आतंकी सहयोगी गिरफ्तार हथियार व ग्रेनेड बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी सहयोगी को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार और ग्रेनेड बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलवामा पुलिस ने 44 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) शादिमर्ग और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 183वीं बटालियन के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में एक आतंकवादी सहयोगी को धर दबोचा। उन्होंने बताया कि यह अभियान सीबी नाथ रोड स्थित कासबयार में चलाया गया, जहां संयुक्त टीम ने काचीपोरा निवासी संदिग्ध मोहम्मद उमर मलिक को गिरफ्तार किया।

# पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने में जुटी है सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर एलपीजी सिलेंडर की कमी को देखते हुए सरकार पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने में लगी है और अब तक लगभग 5.96 लाख पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन चालू किए गए हैं तथा अतिरिक्त 2.68 लाख कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, साथ ही लगभग 6.66 लाख नए ग्राहकों ने कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया संकट के बारे में एक वक्तव्य जारी कर बताया कि खाड़ी क्षेत्र में बदलती स्थिति के मद्देनजर, सरकार ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सहायता

■ प. एशिया संकट के मद्देनजर एलपीजी की कमी से निपटने की कवायद तेज

सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से समन्वित कदम उठा रही है। वक्तव्य में कहा गया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू एलपीजी, घरेलू पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) को 100 प्रतिशत आपूर्ति की जाए। कमर्शियल एलपीजी के लिए अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा औषधि, इस्पात, ऑटोमोबाइल, बीज, कृषि आदि क्षेत्रों को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# फिल्म एक दिन की कहानी से गहरा है मेरा कनेक्शन : आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार और फिल्मकार आमिर खान का मानना है कि फिल्म एक दिन उनके अपने व्यक्तित्व का हिस्सा दिखाती है। आमिर खान प्रोडक्शन्स की आने वाली फिल्म एक दिन को लेकर काफी चर्चा है। यह एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली लव स्टोरी है। फिल्म में जुनैद खान एक शर्मीले लड़के का किरदार निभा रहे हैं जिसे साई पल्लवी जैसी कॉन्फिडेंट लड़की से प्यार हो जाता है, लेकिन आमिर खान का मानना है कि यह फिल्म उनके अपने व्यक्तित्व का हिस्सा दिखाती है। जुनैद खान के किरदार से खुद को जोड़ते हुए आमिर खान ने कहा, यह कहानी एक ऐसे लड़के की है जो काफी संकोची है, यानी उसे खुद पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि वो किसी लड़की से कैसे बात करे। जब मैं 16, 17, 18 साल का था, तो मैं भी ऐसा ही था। मैं बहुत शर्मीला था और मुझे लगता था कि लड़कियां मेरी तरफ ध्यान नहीं देतीं, इसलिए मुझे लगा कि मुझे जीवन में कोई नहीं मिलेगा। फिल्म का हीरो भी यही सोचता है कि कोई लड़की उसे पसंद नहीं करेगी। इसलिए जब मैंने यह कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि यह मेरी कहानी है। फिल्म एक दिन के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान की मशहूर जोड़ी एक बार फिर साथ आई है। इससे पहले उन्होंने कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दी हैं। अब इस फिल्म के साथ वे रोमांस जॉनर में वापस आ रहे हैं, जिसे लेकर फैंस बहुत उत्साहित हैं। आमिर खान प्रोडक्शन्स की इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसे आमिर खान, मंसूर खान तथा अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है।

## आमिर खान, जुनैद खान, साई पल्लवी संग एक दिन टीम ने शेयर किया खुशी का पल

**मुंबई।** फिल्म एक दिन के मेकर्स ने टीम के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है, जिसमें सभी खुशी के पल बिताते नजर आ रहे हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसके ट्रेलर और गानों ने पहले ही अच्छा माहौल बना दिया था, और अब फिल्म उम्मीदों पर खरी उतरते हुए दर्शकों का दिल जीत रही है। इसी बीच मेकर्स ने टीम के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है, जिसमें सभी खुशी के पल बिताते नजर आ रहे हैं। जैसे ही एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई, मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें सभी साथ बैठकर खुशियों भरा पल एंजॉय करते दिखे। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, ऐसे पलों से एक ऐसी कहानी तक जिससे आप प्यार करेंगे। एक दिन अब सिनेमाघरों में है। एक दिन के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान लंबे समय बाद फिर साथ आए हैं, जिससे हिंदी सिनेमा की सबसे पसंदीदा क्रिएटिव जोड़ियों में से एक की वापसी हुई है। दोनों ने साथ मिलकर दर्शकों को कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दी हैं। अब एक दिन के साथ यह जोड़ी फिर से रोमांस जॉनर में लौटी है, जिससे फैंस के बीच नई एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है। दोनों का दोबारा साथ आना दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा रहा है।





# शादी नहीं करना चाहते अरहान : मलाइका

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा ने बेटे अरहान खान को लेकर एक बात शेयर की। उन्होंने बताया कि अरहान ने कहा कि वह शादी नहीं करना चाहते और बच्चे भी प्लान नहीं कर रहे हैं। मलाइका के मुताबिक, बेटे ने मजाक में कहा कि ग्रैंडकिड्स की उम्मीद छोड़ दो। हाल ही में टाइम्स एंटरटेनमेंट को दिए इंटरव्यू में मलाइका रिश्तों और शादी पर बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी रिश्तों को अलग नजरिए से देखती है। उनका बेटा कई बार ऐसी बातें बोलता है, जो उन्हें सोचने पर मजबूर करती हैं। मलाइका ने बताया कि अरहान ने उनसे कहा कि मैं शादी नहीं करूंगा, इसलिए ग्रैंडकिड्स के बारे में भूल जाइए। वजह पूछने पर अरहान ने बढ़ते प्रदूषण और खराब माहौल का जिक्र किया। उसने कहा कि एक्यूआई 500-1000 तक पहुंच रहा है, ऐसे माहौल में बच्चों को दुनिया में लाना सही नहीं लगता। मलाइका ने माना कि बेटे की सोच उनसे अलग है। उन्होंने उसे समझाया कि जिंदगी के हर फेज का अलग अनुभव होता है और परिवार बनाना भी उसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते बदलते रहते हैं और जिंदगी में कुछ भी स्थायी नहीं होता। इंसान को परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालना पड़ता है। इंटरव्यू में मलाइका ने सेल्फ-लव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन खुद से प्यार करने को कहती हैं, क्योंकि अगर इंसान खुद को स्वीकार नहीं करेगा, तो जिंदगी खुलकर नहीं जी पाएगा। मलाइका अरोड़ा की शादी 1998 में अरबाज खान से हुई थी। दोनों का 2017 में तलाक हो गया था।



**मलाइका ने माना कि बेटे की सोच उनसे अलग है। उन्होंने उसे समझाया कि जिंदगी के हर पफेज का अलग अनुभव होता है और परिवार बनाना भी उसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते बदलते रहते हैं और जिंदगी में कुछ भी स्थायी नहीं होता। इंसान को परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालना पड़ता है। इंटरव्यू में मलाइका ने सेल्पफ-लव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन खुद से प्यार करने को कहती हैं।**

अरहान उन्हीं के बेटे हैं। तलाक के बाद भी दोनों बेटे की को-पैरेंटिंग कर रहे हैं। मलाइका लंबे समय तक अर्जुन कपूर के साथ रिश्ते को लेकर भी चर्चा में रहीं।

## आयुष्मान खुराना ने आम आदमी के किरदारों को जीवंत किया : मुदस्सर अजीज

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक मुदस्सर अजीज ने कहा है कि पिछले एक दशक में आयुष्मान खुराना ने आम आदमी के किरदारों को जिस तरह जीवंत किया है, वह उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है। निर्देशक मुदस्सर अजीज एक बार फिर एक भरपूर मनोरंजन करने वाली फिल्म पति पत्नी और वो दो के साथ लौट रहे हैं। अपनी लेखनी और निर्देशन से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाले मुदस्सर इस बार आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह जैसे कलाकारों से सजी एक बहु-कलाकार फिल्म लेकर आ रहे हैं।

# मराठी सिनेमा की सबसे बड़ी ओपनिंग बनी राजा शिवाजी

**मुंबई।** जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी ने शानदार शुरुआत करते हुए इतिहास रच दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 12.40 करोड़ (नेट) की कमाई के साथ मराठी सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिग दर्ज की है।

साथ ही यह 2026 की सभी फिल्मों में तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग भी बन गई है। एक मई 2026 को मराठी और हिंदी में जियो स्टूडियोज द्वारा भव्य रूप से रिलीज की गई यह फिल्म महान योद्धा राजा शिवाजी को समर्पित है। महाराष्ट्र सहित कई



जगहों पर दर्शकों की भारी भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ी। इस फिल्म का निर्देशन रितेश देशमुख ने किया है। हिंदी और मराठी मीडिया के समीक्षकों से फिल्म को सर्वसम्मति से शानदार प्रतिक्रियाएं मिली हैं। सकारात्मक वर्ड ऑफ माउथ के चलते फिल्म आगे भी मजबूत प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

## अजय देवगन ने भी की तारीफ

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने रितेश देशमुख को फिल्म राजा शिवाजी के लिए उनकी कड़ी मेहनत को सलाम किया है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी अब सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और आते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। फिल्म के साथ एक खास वीडियो की झलक भी सामने आई है, जिसमें अजय देवगन और रितेश देशमुख की दिलचस्प बातचीत देखने को मिलती है। इस बातचीत में अजय देवगन बताते हैं कि आजकल लोग सुपरहीरो फिल्मों जैसे एवेंजर्स, सुपरमैन और स्पाइडरमैन को बहुत पसंद करते हैं। लेकिन वो यह भी याद दिलाते हैं कि हमारे अपने इतिहास में ऐसे असली हीरो रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए सच में बड़ी कुर्बानियां दी हैं।वहीं रितेश देशमुख, जो इस फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।

# पापा के करीब रहने के लिए बॉलीवुड में आना चाहती थीं त्रिशाला दत्त



**मुंबई।** संजय दत्त की बेटी त्रिशाला दत्त एक समय बालीवुड में आना चाहती थीं। इसकी वजह एक्टिंग का सपना नहीं, बल्कि पिता के करीब रहना था। त्रिशाला ने इनसाइड थाट्स आउट लाउड पाडकास्ट में कहा कि बचपन में उन्हें लगता था कि फिल्मों में आने से वह पिता के साथ ज्यादा समय बिता पाएंगी। त्रिशाला, संजय दत्त और उनकी पहली पत्नी ऋचा शर्मा की बेटी हैं। ऋचा का 1996 में ब्रेन ट्यूमर से निधन हुआ था। इसके बाद त्रिशाला अमेरिका में नाना-नानी के साथ पली-बढ़ीं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने बॉलीवुड में आने की इच्छा जताई, तब संजय दत्त ने पूछा था कि क्या एक्टिंग सच में उनका पैशन है। त्रिशाला के मुताबिक, उन्होंने पिता से कहा था कि वह सिर्फ उनके करीब रहना चाहती हैं। इस पर संजय दत्त ने समझाया कि सिर्फ स्टार किड होने से कोई ए-लिस्ट एक्ट्रेस नहीं बनता। उन्होंने बेटी को वही करने की सलाह दी, जिसमें उसकी असली रुचि हो। त्रिशाला ने कहा कि उनके पिता जिंदगी में मुश्किल दौर से गुजरे हैं। उन्होंने हमेशा उन्हें सही दिशा दिखाने की कोशिश की। बॉलीवुड में करियर बनाने के बजाय त्रिशाला ने मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र चुना। वह अब थेरेपिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में मान.सिक स्वास्थ्य पर कम खुलकर बात होती है।

वह लोगों को बताना चाहती थीं कि संघर्ष सामान्य है। त्रिशाला ने दीपिका पादुकोण की भी तारीफ की, जिन्होंने डिप्रेशन पर खुलकर बात की थी। त्रिशाला ने बताया कि उन्होंने माता-पिता के साथ सामान्य पारिवा.रिक जिंदगी नहीं जी। वह बचपन से अमेरिका में रहीं और भारत कम आ पाती थीं। हालांकि, उन्होंने कहा कि जब भी वह संजय दत्त के साथ होती हैं, उन्हें सामान्य पिता-बेटी जैसा रिश्ता महसूस होता है।




